## एक नजर

### मो. अहमद बने रायबरेली लोस चुनाव क्षेत्र प्रभारी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने काजीपुरा निवासी मोहम्मद अहमद को रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर मोहम्मद अहमद ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

### बच्चों का हुआ दंत परीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड स्थित पुलिस मार्डन स्कूल में बुधवार को कोठीवाल डेंटल कॉलेज के तत्वावधान में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों का दंत परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. चिराग, डॉ. सागर, डॉ. विश्व प्रताप सिंह, डॉ. जैवा, इंद्रसेन, काकोली ने बच्चों के दांतों की सेहत देखी और जरूरी परामर्श भी दिए।



सत्संग में श्रीमद् भागवत गीता सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## प्रभु स्मरण मात्र से होता है बेड़ा पार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्री गीता भागवत सत्संग में पुरोहित व धर्मगुरु आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान के नाम के उच्चारण का जो फल है वह सभी तीर्थों के दर्शन का नहीं है। एक बार सारी पृथ्वी की परिक्रमा कर लो चाहे एक भगवान नाम का उच्चारण कर लो, भागने की क्या आवश्यकता है। हमें तो ऐसी यात्रा करनी चाहिए जिससे इस संसार की यात्रा फिर नहीं करनी पड़े।

कथा व्यास ने कहा कि सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं। भगवान के हृदय में आने से मेरे दिव्य नेत्र खुल गये। अब मुझमें सर्वत्र सब समय सब कुछ भगवान ही दिखायी देते हैं। मेरा हृदय प्रेममय भगवान को पाकर प्रेम से भर गया। जगत में कोई पराया नहीं, कोई घृणा के योग्य नहीं, कोई बैरी नहीं, सब मेरे अपने हैं, सब बन्धु हैं, सभी प्रियतम हैं, अब सबके साथ निःस्वार्थ प्रेम करना ही मेरा स्वभाव है। प्रेम ही मेरा जीवन है। प्रेम ही मेरा धर्म है। व्यवस्था में सिंघल परिवार, मित्तल परिवार ने सहयोग दिया।

## जनपद में जल्द खुलेंगे 100 जनऔषधि केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को सस्ती दवा मिलने की सहूलियत उपलब्ध कराने वाले मेडिकल स्टोर अब गांवों में खोलने को लेकर ज्यादा गंभीरता दिखाई जा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में मुरादाबाद के गांव जनऔषधि स्टोर्स का शतक जमाते नजर जाएंगे। प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना के अंतर्गत जनपद में लगभग 100 गांवों में ऐसे मेडिकल स्टोर खुलेंगे।

जिला अस्पताल में संचालित जनऔषधि केंद्र के प्रभारी वरुण चौहान ने बताया कि कोऑपरेटिव सोसाइटी वाले गांवों में जनऔषधि केंद्र विशेष प्राथमिकता के अंतर्गत खुलने जा रहे हैं। जनपद के लगभग 100 गांवों में कोऑपरेटिव सोसाइटीज कार्यरत हैं, जिसके मद्देनजर आने वाले दिनों में इन सभी गांवों में जनऔषधि केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। सभी जनऔषधि केंद्रों पर दवा की आपूर्ति सीधे गाजियाबाद स्थित बीपीपीआई के माध्यम से की जाएगी।

### धुंआ छोड़ते वाहनों पर कार्रवाई न होने से महानगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक बिगड़ा

# टूटी सड़कों पर उड़ रही धूल, बढ़ रहा वायु प्रदूषण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** महानगर की टूटी सड़कों पर उड़ रही धूल मिट्टी से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। बुधवार को महानगर के कई क्षेत्रों में सूचकांक 100 से अधिक रहा। जो संतोषजनक श्रेणी में नहीं आता है। धूल के कण से लोगों को सांस लेने में भी परेशानी होती है। वहीं दमा के मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

महानगर के कांठ रोड सहित अन्य कई सड़कों का हाल जर्जर है। टूटी सड़क पर मिट्टी और धूल के कण से महानगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ गया है। नगर निगम की ओर से लगवाए गए वायु प्रदूषण मापक संयंत्र मानीटर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ा रहा। आंकड़ों के अनुसार सेवायोजन कार्यालय क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 131, कांशीराम नगर में 128, जिगर कॉलोनी में 115, बुद्धि विहार में 124 और दिल्ली रोड पर ईको हर्बल पार्क क्षेत्र में 124 वायु गुणवत्ता सूचकांक रिकॉर्ड किया गया। इससे लोगों को परेशानी हुई। कांठ रोड, सिविल लाइंस, रामगंगा विहार में सड़कों पर उड़ रही धूल से वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। आंख में धूल पड़ने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। धूल के चलते दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। वहीं वाहनों के धुंआ से भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इन पर अंकुश न लगने से लोगों की सेहत पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



कांठ रोड स्थित हरथला में सड़क पर उड़ती धूल। ● अमृत विचार

**परेशानी**

- धूल-मिट्टी व धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत
- आंख में धूल के कण पड़ने से रहती है दुर्घटना की संभावना

धूल के कण नाक व मुंह के रास्ते फेफड़ों में पहुंच जाते हैं। जिससे अस्थमा व सांस के मरीजों को दिक्कत बढ़ जाती है। टीबी के पुराने मरीज भी इससे प्रभावित होते हैं। बीमारी बढ़ने पर उनकी दवा की डोज बढ़ानी पड़ती है। ऐसे मरीज इन जगहों से होकर जाने से परहेज करें। जाना जरूरी हो तो मास्क पहनें। जहां निर्माण कार्य के चलते मिट्टी जमा हो वहां पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए, जिससे धूल के कण न उड़े।

**-डॉ. प्रवीण शाह,** वरिष्ठ चेस्ट फिजिशयन जिला अस्पताल

# लोहिया के बाद दीवान एंड संस पर होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

### मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने कराई मुनादी, टीम की निगरानी में लोहिया फर्म में चल रहा अतिक्रमण हटाने का कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गागन नदी के किनारे किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एमडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। लोहिया फर्म में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद अब जल्द ही दीवान एंड संस के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

लगभग एक महीने पहले मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गागन तिराहा स्थित मिनी लाकड़ी बाईपास रोड पर बनी लोहिया, डिजाइनको व दीवान एंड संस निर्यात फर्म के कुछ निर्माण को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किया था। जिसमें एमडीए ने कहा था कि तीनों फर्म प्रबंधन द्वारा जो अवैध निर्माण किया गया है, उसे खुद तोड़ लिया जाए। एमडीए के नोटिस मिलने के बाद लोहिया व डिजाइनको फर्म द्वारा निर्माण को तोड़ना शुरू किया गया था, लेकिन एक महीना बीतने के बाद निर्माण पूरी तरह नहीं टूट पाया। जिसके चलते बीते सोमवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम जेसीबी मशीनें और फोर्स लेकर फैक्ट्री परिसर में पहुंची और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। निर्माण काफी बड़ा है, इसलिए उसे तोड़ने में समय लग रहा है। अब एमडीए टीम की निगरानी में फर्म प्रबंधन खुद ही निर्माण को तोड़ रहे है। वहीं दूसरी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने दीवान एंड संस को भी अवैध निर्माण तोड़ने के लिए नोटिस दिया गया था। जिसके बाद अब एमडीए द्वारा दीवान एंड संस के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।




दीवान एंड संस निर्यात फर्म के बाहर अवैध निर्माण तोड़ने को मुनादी करती एमडीए की टीम।

गागन नदी के पास स्थित निर्यात फर्म लोहिया ब्रास, डिजाइनको व दीवान संस द्वारा नदी किनारे ग्रीन बेल्ट पर अवैध रूप से निर्माण किया गया है। इसलिए इन लोगों को अवैध निर्माण तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया था। जिसके बाद प्राधिकरण की टीम ने लोहिया व डिजाइनको फर्म में अवैध निर्माण ध्वस्त किया है। फर्म के मालिक भी खुद इसे तोड़ रहे है।

**-शैलेष कुमार,** उपाध्यक्ष, एमडीए

### आज से अवैध निर्माण ध्वस्त करेगी टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दीवान एंड संस एक्सपोर्ट फर्म को मुनादी के माध्यम से बुधवार को चेतावनी दी गई। जिसमें कहा गया कि एक्सपोर्ट फर्म स्वामी द्वारा मानचित्र के विपरीत निर्माण कराया गया है और बार-बार चेतावनी देने के बाद भी निर्माण को नहीं तोड़ा गया है। जिसके चलते अब अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा। गुरुवार को अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेश कुमार के दिशा निर्देशन में गुरुवार प्राधिकरण की टीम दीवान एंड संस के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेंगी। जिसके लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार शाम को मुनादी की। अभियंता रामप्रकाश खरे प्रवर्तन टीम के साथ दीवान संस एक्सपोर्ट फर्म पहुंचे और उन्होंने लाउडस्पीकर के द्वारा फर्म के मुख्य द्वार पर मुनादी कराई।

## सीएल गुप्ता फार्म हाउस पर भी जल्द होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एमडीए ने नोटिस भेजकर दिया है एक सप्ताह का समय
- सीएल गुप्ता के चेयरमैन ने स्वयं निर्माण तोड़ने को मांगा था समय

**अमृत विचारः** स्कूल का नक्शा पास कराने के बाद रामगंगा नदी के किनारे निजी जमीन पर फार्म हाउस के खिलाफ भी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। जिसमें सीएल गुप्ता के चेयरमैन की ओर से एक सप्ताह का समय मांगा गया है। अगर एक सप्ताह में स्वयं निर्माण नहीं तोड़ा गया तो एमडीए की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

रामगंगा विहार में नदी किनारे सीएल गुप्ता की निजी जमीन पर कई वर्ष पहले कुछ हिस्से पर प्राइमरी स्कूल खोलने के लिए सीएल गुप्ता ग्रुप की ओर से एमडीए से नक्शा पास कराया था। लेकिन, उस पर स्कूल का निर्माण नहीं कराया गया। एमडीए की प्रवर्तन टीम को निरीक्षण के दौरान वहां स्वीकृत मानचित्र से इतर फार्म हाउस जैसा अवैध निर्माण मिला। जिसके आधार पर एमडीए प्रशासन ने उस अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस जारी कर दिया है। एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि सीएल गुप्ता ग्रुप द्वारा स्कूल का नक्शा पास कराने के बाद स्कूल का निर्माण नहीं कराया गया, जबकि इसके स्थान पर अवैध निर्माण कराया गया है। इसलिए ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया है। नोटिस पर उन्होंने स्वयं अवैध निर्माण तोड़ने के संबंध में पत्र दिया है। अगर एक सप्ताह में अवैध निर्माण ध्वस्त नहीं कराते है तो संबंधित निर्माण को टीम भेज कर ध्वस्त किया जाएगा।



कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करते स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सफाई कर्मियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने महापौर व नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन देकर अपनी मांग पूरी करने की आवाज उठाई।

जिलाध्यक्ष नीरज पाराशर सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर कहा कि स्थाई आउटसोर्सिंग संविदा वाहन चालकों को उनके वाहनों से वंचित किया जा रहा है। वाहन चालकों को उनके स्थान से हटा दिया गया है। इससे महानगर की सफाई संघ की मांग है कि जिन संविदा वाहन चालकों को हटाकर उनके जगह पर काम्पेक्टर लगाए गए हैं उन्हें पूर्व की तरह ड्यूटी करने दिया जाए। आउट सोर्सिंग से तैनात संविदा सफाई कर्मियों को 15,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिलाने के लिए पूर्व में किए गए आंदोलन के बाद निगम प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि कर्मियों को कटौती के बाद 12,500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से वेतन भुगतान किया जाएगा। लेकिन, अभी तक ऐसा नहीं किया जा रहा है। इस दौरान संरक्षक लल्ला बाबू द्रविड़, नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह पप्पे, महामंत्री धर्मेंद्र मुल्तानी सहित अन्य पदाधिकारी व सफाई कर्मी आदि मौजूद रहे।




आरएसडी एकेडमी में रेड क्रॉस डे मनाते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

## छात्रों को बताया रेड क्रॉस डे का महत्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आरएसडी एकेडमी के नर्सिंग विभाग में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में रेड क्रास डे मनाया गया। इसमें रेड क्रॉस डे के महत्व व अन्य जानकारियां दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार व विशिष्ट अतिथि में डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. गरिमा शर्मा रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मयंक शर्मा के द्वारा किया गया। जिन्होंने छात्रों को बताया कि रेड क्रॉस डे, स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के समर्पण और साहस को पहचानने के लिए 8 मई को हेनरी ड्यूनेंट की जयंती के रूप में वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। यह रेड क्रॉस डे विश्व भर में मनाया जाता है। जो मानवता और दूसरों के प्रति सेवा के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ. संजय मेहरोत्रा, डॉ. बीके पाल , डॉ. सुप्रियो मैत्री, लेफ्टिनेंट सुखरानी, लवप्रीत कौर, एकांश, उरूबा, प्रियंका, सफाली आदि मौजूद रहीं।

## कांठ रोड पर फुटपाथ से हटवाया अतिक्रमण

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** संपत्ति व प्रवर्तन दल की टीम ने प्रवर्तन दल प्रभारी एसके शाही के नेतृत्व में एकता द्वार से लेकर कांठ रोड तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। एकता द्वार पर फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी वालों के दुकानों को हटवाया। फल के ठेले वालों को वहां से हटाकर दोबारा दुकान न लगाने की चेतावनी दी। वहीं टीम ने अपर नगर आयुक्त प्रथम के नेतृत्व में इम्पीरियल तिराहे से भी जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में टीम ने सिविल लाइंस मंदिर के पास स्मार्ट सिटी के तहत बन रहे फुटपाथ पर सामान रखकर किए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इस कार्रवाई में प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही व अन्य मौजूद रहे।

## जेसीबी से साफ कराया नाला, अतिक्रमण हटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नगर निगम दिव्यांशु पटेल ने बुधवार को बैठक में बरसात से पहले नाला सफाई कराने और महानगर में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से कहा कि जलभराव से किसी को परेशानी न होने पाए।

उन्होंने महानगर में भूमिगत नालों की समय से पहले सफाई कराने, अवरूद्ध नालों का गतिरोध तोड़ने, भूमिगत नालों के ऊपर बने मकान, दुकान, छज्जा, चबूतरा, सीढ़ी, रैंप को तोड़ने का निर्देश दिया। कहा कि सड़क की पटरी, तालाब, पार्क में जहां भी अतिक्रमण हो उसे जेसीबी से तोड़ दिया जाए। तो भी इसमें रुकावट डाले उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

इसके बाद नगर निगम की टीम फील्ड में पहुंच गई। जलकल अनुभाग की टीम ने सहायक अभियंता जल व अवर अभियंता जल के साथ टाउनहाल स्थित जेडपीएस व वार्ड नंबर 31 में दमदमा कोठी के निकट नवीन नलकूप का निरीक्षण किया। वार्ड नंबर 18, 20, 23, 17, 33, 52 व अन्य वार्डों में पेयजल पाइप लाइन की लीकेज को ठीक कराया। वार्ड नंबर 63, 45 व आठ में सीवर-सेप्टिक टैंक की सफाई कराया। वार्ड 55 में टूटे मैनहोल को बदलवाया। वार्ड नंबर 40 में पानी न आने की शिकायत को दूर कराया।



बुध बाजार में अतिक्रमण को ध्वस्त करती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

### आज हटा लें अतिक्रमण...

नगर निगम की टीम ने मुख्य मार्गों, व्यवसायिक क्षेत्र और नालों पर किए अतिक्रमण को 9 मई गुरुवार तक हटा लेने का नोटिस दिया है। नोटिस में चेतावनी दिया है कि सार्वजनिक नाला, उसकी साइड पटरी पर कोई बोर्ड, सामान या अन्य किसी प्रकार की सामग्री रखी गई है तो उसे 9 मई तक हर हाल में हटा लें। अन्यथा 10 मई से अभियान चलाकर नाला, नाली को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इस दौरान अतिक्रमण मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाएगा। उसका सामान भी जब्त कर लिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं होगी।

### जेसीबी व पोकलेन मशीन से कराई सफाई

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे के नेतृत्व में क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व वार्ड सुपरवाइजरों ने रोस्टर प्लान के अनुसार वार्ड 57 गुइयां बाग में जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से नाले की तलीझाड़ सफाई कराया। नाले से निकले सिल्ट को तत्काल उठवाने का निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को दिया। वार्ड 61 कटरा में सफाई कराकर एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया।

**लोकसभा चुनाव** कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में अधिक वोटिंग के निकाले जा रहे निहितार्थ

# मतदान के बाद अब जीत-हार को लेकर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अब मंडल की सीटों पर जीत हार की चर्चा तेज है। 7 मई को संभल लोकसभा सीट पर हुए मतदान के बाद कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में हुई अधिक वोटिंग के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। संभल सीट पर सपा और भाजपा में सीधी टक्कर मानी जा रही है। इस सीट पर सपा प्रत्याशी अपने दादा की विरासत सहेजने के लिए दम दिखा रहे हैं।

संभल लोकसभा सीट पर इस बार सपा की ओर से दिवंगत सांसद डॉ. शफीकुर्ररहमान के पोते और मुरादाबाद जिले के कुंदरकी विधानसभा के विधायक जियाउर रहमान बर्क चुनाव लड़ रहे हैं। तो भाजपा से एक बार फिर परमेश्वर लाल सैनी कमल खिलाने के लिए जोर लगा रहे हैं। दोनों के बीच सीधा मुकाबला मतदान के दिन भी बूथों पर दिखा। लड़ाई में बसपा पिछड़ती दिखी। बसपा से पूर्व विधायक सौलत अली की किस्मत भी मतदाताओं ने वोट डालकर ईवीएम में लॉक कर दी है। अब जीत किसके पाले में आएगी यह तो 4 जून को मतों की गणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन मतदान के बाद चौक चौराहों पर जीत हार की चर्चा तेज हो गई है। कोई साइकिल की चाल को तेज बता रहा है तो इस बार कमल खिलने का दावा कर रहा है। कुछ को लोगों को बहुजन समाज पार्टी के हाथी से चमत्कार की उम्मीद है। वैसे राजनीतिक जानकारों की माने तो बसपा वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई। जैसा कि उम्मीद की जा रही थी। संभल लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाले बिलारी और कुंदरकी सीट पर हुए अधिक मतदान को कोई इसे सपा के पक्ष में तो कोई केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आधार मानकर उसके अनुरूप अनुमान लगा रहा है।

वहीं मंडल की अन्य सीटों मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, नगीना (सुरक्षित) और रामपुर में भी मतदान हो चुका है। इन सीटों के प्रत्याशी और मतदाता सभी की नजरें 4 जून पर टिकी हैं।

**बिलारी व कुंदरकी में मतदान प्रतिशत**

| विधानसभा | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| कुंदरकी | 67 .48 प्रतिशत |
| बिलारी | 64 .50 प्रतिशत |

**राजनीति**

- कोई इसे सपा के पक्ष में तो कोई केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को मान रहा आधार
- संभल सीट पर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में मानी जा रही टक्कर

## रहेड़ी-पटरी वालों को दी कार्रवाई की चेतावनी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** नगर निगम की टीम ने बुधवार को बुध बाजार में पटरियों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। रेहड़ी पटरी वालों के अलावा दुकानों के बाहर सामान रखकर सड़क घेरने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी। कहा कि दोबारा ऐसा करते मिले तो कड़ी कार्रवाई करेंगे।

अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने बुध बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाया। स्मार्ट सिटी के कार्य में बाधक बन रहे अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी। टीम को देखकर कई फुटपाथ कारोबारी अपना सामान लेकर भागने लगे। वहीं दुकान के बाहर सामान रखकर जगह घेरने वालों को अपर नगर आयुक्त ने चेतावनी दी। निगम के अधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्य में अड़चन डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## कैरम में टीना, टेबल टेनिस में हुदा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा की अध्यक्षता में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इसमें कैरम में टीना और टेबल टेनिस में हुदा खान ने पहला स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या ने कहा कि खेल-कूद और क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का हमारे व्यक्तित्व विकास में अमूल्य योगदान है। इसमें कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैरम प्रतियोगिता में टीना सक्सेना ने पहला और मीनू प्रजापति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीटी में हुदा खान प्रथम, वहीं द्वितीय स्थान पर बुशरा खान और मदीहा खान तृतीय स्थान पर रहीं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में हुदा खान ने पहला, बुशरा खान ने दूसरा और नुसरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में नुसरा प्रथम और महविश द्वितीय स्थान पर रहीं। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शतरंज प्रतियोगिता में प्रो. सीमा अग्रवाल, डॉ. प्रेमलता कश्यप, बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रेमलता कश्यप तथा कैरम प्रतियोगिता में प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. सुदेश और प्रो. करुणा आनंद विजयी रहीं। निर्णायक मंडल में प्रो. प्रवीण सैनी, प्रो. सुदेश, प्रो. वंदना पांडेय, डॉ. सीमा मलिक, प्रो. किरन त्रिपाठी, प्रो. सीमा अग्रवाल, प्रो. करुणा आनंद, डॉ. प्रीति पांडेय रहीं। इस दौरान उप प्राचार्या प्रो.अंजना दास ने छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने को प्रेरित किया।



गोकुलदास गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वार्षिक प्रतियोगिता में कैरम खेलतीं छात्राएं।

## शहर में आज

- गांधी नगर पब्लिक स्कूल में बच्चों के रेन डांस का कार्यक्रम सुबह 9 .30 बजे से।
- आईएफटीएम विश्वविद्यालय में क्रिकेट मैच सुबह 9 बजे से ।

## एक नजर

### पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाकर नगर कोतवाली में एक परिवार के चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें संकल्प शर्मा, इनकी मां चारुल शर्मा, पिता संजय शर्मा और बहन काजल शर्मा नामजद हुए हैं। पीड़िता सृष्टि शर्मा नोएडा में पैरामाउंट फ्लोरविल टॉवर के पास की रहने वाली है। आरोप है कि आरोपियों ने उसके परिवार का पैसा और जेवरात हड़प लिया है। वह काफी निर्धनता के साथ जीवन गुजार रही है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी आज भी उसे परेशान किए हैं। वह दो साल से नोएडा में अकेले रह रही है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पॉक्सो अधिनियम के मामले में न्यायालय पॉक्सो द्वितीय शैलेंद्र वर्मा ने बुधवार को अभियुक्त सलमान पुत्र घसीटा को 20 वर्ष के कारावास व 25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा पाया अभियुक्त रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के मिलक बादुल्ला का रहने वाला है। इसके विरुद्ध मुंढापांडे थाने में 2022 में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। शासकीय अधिवक्ता अभिषेक भटनागर व भूकन सिंह ने बताया कि अभियुक्त सलमान ने 24 मई 2022 को घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया था। इस मामले की विवेचना मूंढापांडे थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक हिमांशु चौहान ने की थी।

### करंट से कारोबारी झुलसा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : 11 हजार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया फ्लेक्सी बोर्ड कारोबारी गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना बुधवार सुबह 10 बजे की है। पीड़ित फुरकान पुत्र जहीर अहमद के मामा के बेटे शाहनवाज ने बताया कि उनका फुफेरा भाई सुबह अपनी दुकान के सामने टिनशेड लग रहा था। इसी दौरान तेज हवा चलने के कारण उसका बोर्ड हाई टेंशन लाइन से छू गया था और वह 20 फुट की ऊंचाई पर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह झुलस गया। फुरकान फ्लेक्सी बोर्ड के कारोबारी हैं। वह ठाकुरद्वारा फतुल्लागंज के रहने वाले हैं। पीड़ित के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं।

# नाबालिग से जबरन शादी रचा रहा युवक और उसकी मां गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- किशोरी की मां की शिकायत पर नागफनी पुलिस ने की कार्रवाई
- किशोरी को बहला-फुसलाकर घर से ले गए थे आरोपी

**अमृत विचार:** नागफनी थाना पुलिस ने किशोरी से विवाह कर रहे दूल्हे और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पीड़िता की मां की शिकायत पर हुई है। पुलिस ने आरोपी दूल्हा और उसकी मां को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। अब पुलिस शादी कराने वाले पंडित व अन्य की तलाश में जुटी है।

पीड़िता नागफनी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी उम्र करीब 15 साल है। सात मई को उसकी मां कुछ काम से चक्कर की मिलक में अपनी रिश्तेदारी में गई थी। इसी बीच नागफनी के नवाबपुरा निवासी योगेश कुमार उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से ले आया था। उधर, जब रिश्तेदारी से मां घर लौटी तो बेटी नहीं मिली। जानकारी करने पर चचेरी सास ने योगेश द्वारा बेटी को ले जाने की बात बताई। जिस पर पीड़िता की मां नागफनी थाने जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी थी।

उधर, मामला संज्ञान में आते ही पुलिस सक्रिय हो गई और जिस मंदिर पर आरोपी किशोरी से विवाह रचा रहा था, वहां पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी योगेश व उसकी मां रेखा को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया है और कार्रवाई की जा रही है।

## मंडल के दो गति शक्ति टर्मिनलों को मिली रफ्तार, अमरोहा, हापुड़ में हो रहा गोदामों का पुनर्निर्माण

# रेलवे ने माल परिवहन से की 561 करोड़ रुपये की कमाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेल मंडल में माल परिवहन से रेलवे ने 561 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह कमाई पिछले साल के 33 करोड़ से अधिक हैं। रेल प्रशासन ने मंडल में नए मालगोदामों का पुनर्निर्माण कर विकसित भी किया है। इसके अलावा 12 मालगोदामों का कायाकल्प भी किया गया है। मंडल में दो गति शक्ति टर्मिनल को भी रफ्तार मिली है। जिसके बाद कारोबार के बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

मुरादाबाद में टिकटों की बिक्री व अन्य साधनों से आमदनी के साथ-साथ माल यातायात के कारोबार में इजाफा हो रहा है। मुरादाबाद रेल मंडल में 23-24 में माल यातायात में 528 करोड़ के सालाना लक्ष्य से छह फीसद अधिक 561.42 करोड़ रुपये कमाए हैं। पुराने मालगोदामों का पुनर्निर्माण से माल कारोबार को बढ़ावा मिला है।

अमरोहा, बुलंदशहर, हापुड़, हरदोई, रोजा और पथरी में माल गोदामों को पुनर्निर्माण कर विकसित करने का काम तेज है। इकबालपुर, हकीमपुर और बुंदकी स्टेशनों पर नए माल गोदामों को संवारा जा रहा है। रेल प्रशासन का कहना है कि इन माल गोदामों का निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा।

इन माल गोदामों में गुड्स प्लेटफार्म, कवर्ड शेड, कार्यालय, कारोबारी व मजदूरों के लिए अलग से कमरे बनाए जा रहे हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने उम्मीद जताई कि दलपतपुर और पथरी में टर्मिनल से कारोबार बढ़ेगा। दलपतपुर का निर्माण हिन्द टर्मिनल कर रही है, जबकि पथरी का जिम्मा कॉन्कोर को सौंपा हैं।



विद्युत सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सेफ्टी उपकरणों के साथ काम करें कर्मचारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मुरादाबाद रेल मंडल में विद्युत सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। जिसमें मंडलभर में एक से सात मई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सभी विभाग के रेल कर्मियों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा के कार्यक्रम आयोजित हुए। सप्ताह के दौरान सेक्शन अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को बिजली से संबंधित कामों के दौरान सावधानियां बरतने की सलाह दी। कर्मियों को प्रेक्टिकल ट्रेनिंग भी दी। सीनियर डीईई (सामान्य) सचिन कुमार ने कर्मियों से सेफ्टी शूज, बेल्ट, हेलमेट पहनकर काम करने की सलाह दी।

### रनिंग रूम का डीआरएम ने लिया जायजा

मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने बुधवार को मुरादाबाद में रनिंग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रनिंग रूम में रेल कर्मियों के लिए खानपान, बेड, शौचालय का रख-रखाव, हादसे से बचाव के लिए फायर इंस्ट्रीग्यूशर, फिटनेस के लिए उपकरण को भी देखा। उन्होंने रनिंग रूम में मौजूद रेलकर्मियों से रुबरु होकर उनसे उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान सीनियर डीएसओ प्रशांत शर्मा, डीएमई परिचालन दिनेश कुमार, एडीईएन मोहित शुक्ला समेत इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे।

# गर्मी में सता रही ट्रेनों की लेटलतीफी

## 10 से 20 घंटे की देरी से पहुंच रहीं एक्सप्रेस और समर स्पेशल ट्रेनें, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में भी ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते यात्रियों को परेशानियों भरा सफर करना पड़ा रहा है। जितनी गर्मी बढ़ रही है, उतना ही ट्रेनों का संचालन बिगड़ रहा है। पिछले कई दिनों से यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। बुधवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचीं। जिसके कारण यात्रियों को स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ा।

अंबाला मंडल में किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने कुछ दिन पहले कई ट्रेनों का संचालन मार्ग बदला था। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। इसके अलावा रेलवे ने कई ट्रेनें रद्द भी की थी। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई है। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं।

ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद्द करा रहे हैं। बुधवार को भी भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से 19 घंटे की देरी से पहुंची। इसके अलावा हिमगिरी एक्सप्रेस 14 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके इंतजार में यात्रियों का हाल-बेहाल हो गया। वहीं देरी से पहुंचने वाली ट्रेनों में आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल, जम्मूतवी सुपर फास्ट एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं।


रेलवे स्टेशन पर बिहार जाने वाली ट्रेन में यात्रा करते यात्री। ● अमृत विचार

**दुश्वारी**

- लंबी दूरी के यात्रियों को स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ रहा अधिकांश समय
- मार्ग बदले जाने से भी विलंबित हो रहीं दैनिक व समर स्पेशल ट्रेनें

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 15098 | भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | 19 घंटे 53 मिनट |
| 12331 | हिमगिरी एक्सप्रेस | 14 घंटे सात मिनट |
| 13308 | गंगा सतलुज एक्सप्रेस | सात घंटे तीन मिनट |
| 12238 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | आठ घंटे 27 मिनट |
| 12469 | जम्मूतवी सुपर फास्ट एक्सप्रेस | 12 घंटे 45 मिनट |
| 12356 | अर्चना एक्सप्रेस | एक घंटा 23 मिनट |
| 14604 | सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस | तीन घंटे दो मिनट |
| 15015 | लालकुआं साप्ताहिक एक्सप्रेस | नौ घंटे 30 मिनट |
| 04654 | न्यू जलपाईगुड़ी क्लोन स्पेशल | छह घंटे 12 मिनट |
| 14618 | जनसेवा एक्सप्रेस | पांच घंटे छह मिनट |
| 12204 | सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस | नौ घंटे 14 मिनट |

## कार्य में शिथिलता पर रोका महाप्रबंधक तकनीकी का वेतन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा व भौतिक सत्यापन में लापरवाही मिलने पर नगर आयुक्त व सीईओ दिव्यांशु पटेल ने महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का वेतन भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। उनका वेतन स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक ढंग से चलने पर ही दिया जाएगा।

स्मार्ट सिटी परियोजनाओं भौतिक सत्यापन के बाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने नाराजगी जताई थी। निर्देश के बाद भी साइट पर कार्यों की भौतिक प्रगति न होने और अपने पर्यवेक्षणीय दायित्वों को ठीक ढंग से न निभाने के कारण महाप्रबंधक मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड का नगर आयुक्त/सीईओ ने वेतन भुगतान रोक दिया है। सभी परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्वक पूरा होने और संतोषजनक ढंग से चलने का प्रमाण पत्र देने पर ही वेतन देने का आदेश अपर नगर आयुक्त/एसीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड अतुल कुमार को दिया है।



धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को कपड़े से ढक कर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

# पुरवा हवा चलने से तापमान में कमी, बूंदाबांदी की आशंका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को पश्चिम दिशा से चल रही गर्म हवा की जगह पुरवा के झोंकों ने ले ली है। नम पुरवा हवा चलने से अधिकतम तापमान में कमी आ गई। मौसम विभाग ने गुरुवार से आंशिक बादलों के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी का सिलसिला शुरू होने के साथ ही सप्ताहांत में आंधी-बारिश होने की संभावना जताई है।

पश्चिमी विक्षोभ और हवा के चक्रवाती परिसंचरण के चलते मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। जिससे तपिश भरी गर्मी का दौर थोड़ा कम होगा। जिसका असर गुरुवार से मौसम पर दिखाई देगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक गुरुवार से आसमान पर आंशिक रूप से बादल छाने और इक्का-दुक्का बार बूंदाबांदी होने का सिलसिला शुरू हो सकता है। जबकि सप्ताहांत में और अगले सप्ताह की शुरुआत में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

# फुटबॉल में मुरादाबाद की टीम चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार बुधवार को मंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता अंडर 15 (बालक वर्ग), अंडर 17 वर्ष (बालक / बालिका वर्ग) का आयोजन पारकर इंटर कालेज में हुआ। अंडर 15 में मुरादाबाद टीम ने बिजनौर को हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता का आरंभ पारकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर एसके नेथन एवं मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्या रेणुका जोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिता में मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, बिजनौर जनपद की टीमों ने हिस्सा लिया।

अंडर 15 बालक वर्ग का फाइनल मैच मुरादाबाद और बिजनौर के मध्य खेला गया। इसमें मुरादाबाद टीम 2.0 से विजेता रहीं। अंडर 17 बालक वर्ग का फाइनल रामपुर और अमरोहा के बीच खेला गया। इसमें रामपुर जनपद 1-0 से विजयी रहा। बालिका वर्ग का फाइनल मैच मुरादाबाद और रामपुर के बीच खेला गया। इसमें रामपुर जनपद 2-0 से विजयी रहा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर, जीवन सिंह, प्रभात कुमार, यूनुस हुसैन, तुषार शर्मा, बक्शींद्र सिंह, संतोष कुमार, स्वाति शर्मा, सोनिया, क्लेरिस सिंह, चेतन सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में मोहम्मद वसीम, नावेद हुसैन, अनस हुसैन आदि रहे। इस दौरान अनूप सिंह, आशीष रस्तौगी, निशीत बिजोय दास, जेबियर फ्रांसिस आदि का योगदान रहा। विजेता टीमें 11 मई को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गुरु गोविंद सिंह स्पोटर्स कालेज, लखनऊ में प्रतिभाग करेंगी।


पारकर इंटर कॉलेज में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी।

- पारकर इंटर कॉलेज में मंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता

## क्रिकेट लीग में अमरोहा ने मुरादाबाद को हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रही क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में अमरोहा रेड ने मुरादाबाद ब्लू और दूसरे मैच में अमरोहा ब्लू ने मुरादाबाद रेड को हराया। इस दौरान यूपीसीए के सेलेक्टर एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी सुरेंद्र चौहान और उमंग शर्मा मैच में आब्जर्वर रहे।

पहले मैच में मुरादाबाद ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 189 रन बनाए और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरोहा रेड ने 5 विकेट खोकर जीत हासिल की। दूसरे मैच में डीएसए मुरादाबाद रेड टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.1 ओवर में 238 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरोहा ब्लू ने 7 विकेट खोकर जीत हासिल की। डीएसए सचिव विजय गुप्ता, नितिन गुप्ता, कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहे।

# रुक्मिणी क्रिकेट एकेडमी ने ट्राफी कब्जाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रुक्मिणी क्रिकेट एकेडमी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को रुक्मिणी क्रिकेट एकेडमी और डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें रुक्मिणी ने दस विकेट से मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी की टीम 31.4 ओवर में 135 रन ही बना पाई। टीम के लिए लक्ष्य ने 54, वसीम ने 28 रन बनाए। रुक्मिणी के लिए मोहम्मद कैफ ने 3, अरीब ने 2 और अंश गौतम और शान ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुक्मिणी क्रिकेट एकेडमी ने 24.4 ओवर में बिना विकेट खोए जीत हासिल की। टीम के लिए हर्ष सिंह नाबाद 63 व अंश गौतम ने नाबाद 56 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अंश गौतम को चुना गया। टूर्नामेंट में आकर्षक पुरस्कार मैन ऑफ द टूर्नामेंट 5 मैच में 13 विकेट और 186 रन बनाने वाले मोहम्मद कैफ को चुना गया। बेस्ट बॉलर 5 मैच में 9 विकेट लेने वाले अंश गौतम, बेस्ट बैट्समैन 5 मैच में 191 रन बनाने वाले लक्ष्य और बेस्ट फील्डर हर्ष सिंह को चुना गया। अंपायर की भूमिका में सतेंद्र कुमार और शमशाद अल्वी रहे। स्कोरर अफजल खान रहे। इस दौरान टूर्नामेंट आयोजक व क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, कोच मोहम्मद हसीन, रुक्मिणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, अमरोहा क्रिकेट कन्विनर अमन लिट, रणजी खिलाड़ी वाजिद अली, कमाल अहमद, मोहम्मद वसीम, शिव कुमार रावत, तरुण चिमा, ओमदत्त शर्मा,रोहित कुमार, विकास ठाकुर, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे।



ट्राफी के साथ क्रिकेट चैंपियन टीम रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

- फाइनल में डीपीजीएस क्रिकेट एकेडमी को 10 विकेट से हराया
- टीम के लिए हर्ष सिंह ने बनाए शानदार नाबाद 63 रन

**परेशानी** सोनकपुर स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों को नहीं मिल रही किट, अन्य सुविधाएं भी नहीं

# धन की कमी खिलाड़ियों के भविष्य में बन रही बाधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सोनकपुर स्टेडियम में क्या अब सिर्फ पैसे वाले बच्चे ही क्रिकेट खेलेंगे? जी हां यह सवाल उठना लाजमी है। क्योंकि यहां खिलाड़ियों को स्टेडियम की ओर से किट या कोई अन्य सामान उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में गरीब बच्चे यहां कैसे अपना हुनर दिखाएंगे। क्योंकि आज के दौर में एक अच्छी क्वालिटी के क्रिकेट बैट की कीमत ही 5 से 10 हजार रुपये है।

क्रिकेट खेलना आज हर बच्चे व युवा की पहली पसंद है। मंडल से भी पीयूष चावला और मोहम्मद शमी ने राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाया है। लेकिन, आजकल नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में हालात कुछ बदले-बदले दिखाई दे रहे हैं। खिलाड़ियों की माने तो यहां स्टेडियम की ओर से उन्हें खेलने के लिए कोई सामग्री नहीं मिलती है। उन्हें गेंद से लेकर हर सामग्री अपने खुद के पैसे से खरीदनी पड़ रही है। ऐसे में यहां गरीब बच्चे कैसे अभ्यास करेंगे। क्योंकि स्टेडियम से कोई मदद मिल नहीं रही है। ऐसे में वह किट के लिए 20 से 30 हजार रुपये कहां से खर्च करेंगे। इतना ही नहीं रोज आए दिन क्रिकेट बॉल अभ्यास के लिए कैसे खरीदेंगे।


"मैंने अभी तीन दिन पहले ही यहां अभ्यास करना शुरू किया है। अभी तक मुझे स्टेडियम की ओर से कोई खेल सामग्री नहीं मिली।
-अनिकेत, क्रिकेट खिलाड़ी


"मेरे पिताजी डॉक्टर हैं। पापा ने ही मुझे क्रिकेट किट खरीद कर दी है। मुझे आगे चलकर पीयूष चावला जैसे बनकर महानगर का दुनिया में नाम रोशन करना है।
-विशाल, क्रिकेट खिलाड़ी


"यहां स्टेडियम की ओर से हमें अभ्यास के लिए कोई खेल सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती है। मैंने भी अपने पैसों से किट खरीदी है।
-जतिन, क्रिकेट खिलाड़ी

- एक अच्छे क्वालिटी के क्रिकेट बैट की कीमत 5 से 10 हजार रुपये
- सामान के अभाव में पर्याप्त अभ्यास नहीं कर पा रहे कुछ खिलाड़ी

"स्टेडियम लगातार खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए काम कर रहा है। सभी खेलों के लिए जितनी सामग्री खेल विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाती है। वह सभी खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दी जाती है। अगर कुछ खिलाड़ियों को शिकायत है तो उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा।
-प्रेम कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी

## जमीन को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मानावाला टांडा में जमीन के विवाद में मारपीट हो गई। कोतवाली में पंचायत कर मामले में समझौता कराया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि नारायण सिंह ने अपने बेटों कृपाल, रमेश, बलवीर व राजेश को आधा-आधा बीघा जमीन दी थी। कृपाल सिंह ने अपनी भूमि गंगाराम को बेच दी थी। कृपाल सिंह अब दुनिया में नहीं हैं। उधर, बलवीर सिंह ने भी अपनी जमीन रमेश सिंह को बेच दी थी, जबकि राजेश ने अपने हिस्से की जमीन दिनेश को बेची थी। रमेश के पुत्र नेमी ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। बुधवार सुबह जब दिनेश कुमार खरीदी गई जमीन पर नींव भराने पहुंचे तो नेमी और उनके परिवार के लोगों ने हमला बोल दिया और लात-घूसों से जमकर मारपीट की। थाने में समझौते का प्रयास हो रहा है।

# ट्रांसफार्मर में आग से पांच घंटे आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र स्थित पीरगैब में बुधवार को बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर में चिड़िया गिरने से निकली चिंगारी के कारण ट्रांसफार्मर भीषण रूप से जलकर राख हो गया। इससे क्षेत्र की आपूर्ति लगभग पांच घंटे प्रभावित रही।

नगर क्षेत्र के उपकेंद्र के अंतर्गत स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लगने से बड़ा हादसा घटित हुआ। मामला दोपहर करीब एक बजे का है जहां ट्रांसफार्मर के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार पर चिड़िया बैठी थी। चिड़िया अचानक नीचे लगे ट्रांसफार्मर के इंसुलेटेड प्लग्स में आकर गिरी, जिससे चिंगारी उठी। छोटी सी चिंगारी ने थोड़ी ही देर में विकराल आग का रूप ले लिया और ट्रांसफार्मर इसमें राख हो गया। आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को फोन करके मामले की सूचना दी।

जिसके बाद आपूर्ति बंद की गई। लगभग पांच घंटे डेढ़ सौ से अधिक उपभोक्ताओं की आपूर्ति प्रभावित रही। अधिशासी अभियंता नगर तृतीय प्रेम प्रकाश ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, जिसके बाद आपूर्ति सुचारू हुई है।


पीरगैब मुहल्ले में ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### बिजलीघर में कर्मियों ने पकड़ा चोर, पुलिस को सौंपा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : दिल्ली रोड पर स्थित 33/11 केवी गागन विद्युत घर में हुए बवाल मामले में फाजलपुर नया गांव के मोहित के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। ये मामला सिविल लाइन क्षेत्र के लोकोशेड के सामने चंद्रनगर के महेंद्रपाल सिंह ने दर्ज कराया है। आरोप है कि बिजली घर से एक व्यक्ति को सामान चोरी करते हुए स्टॉफ ने रंगे हाथ पकड़ा था। उसके पास से वेल्डिंग मशीन का होल्डर मय लीड और अन्य बिजली सामान बरामद हुआ है। बिजली घर के स्टॉफ सदस्य राजेंद्र सिंह निवासी कैलसा अमरोहा व रविंद्र पाल निवासी पीपली बिलारी ने चोरी के आरोपी के पकड़े जाने के संबंध में खबर दी थी। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मोहित पुत्र सुभाष बताया है। इसे पुलिस के सुपुर्द किया गया है। महेंद्रपाल सिंह ने पुलिस को बताया है कि पकड़ा गया मोहित नया गांव फाजलपुर का रहने वाला है। इसने वेल्डिंग मशीन का होल्डर मय चार मीटर लंबी लीड के चोरी की है। इसके पास 10 मीटर लंबा कॉपर केबल भी बरामद हुआ है। साथ ही पांच मीटर एल्युमिनियम केबल लीड आरोपी के पास से मिली है।

# पंडित नगला गांव का विशाल खरीदता था चोरी के बैटरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : मझोला थाना पुलिस ने ई-रिक्शा के बैटरे चोरी करने के मामले में बड़ा खुलासा किया है। पंडित नगला के गैराज में चोरी के बैटरा बरामद किया है। आरोपी पंडित नगला में विशाल सिंह को बैटरा बेचते थे। इस बार शराब वाली भट्ठी के पास वाली गली में मकान के बाहर खड़े ई-रिक्शा चोरी कर ली थी। इसके बैटरा भी उन लोगों ने विशाल को ही 10,000 रुपये में बेचे थे। हालांकि, इस ई-रिक्शा को चोरी करने वाला आकिल वर्तमान में गलशहीद थाने के एक अन्य मामले जेल में निरुद्ध है।

दरोगा पवन कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने मुखबिर की सूचना पर जयंतीपुर में कसोधन मैदान से शकील पुत्र हनीफ व जीशान को दबोचा है। शकील मोती मस्जिद इस्लामनगर नदीम पासा वाली गली का और जीशान हुसैनी चोक पंडित नगला का रहने वाला है। दोनों के पास चाकू भी मिला है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार दोनों आरोपियों शकील व जीशान को लेकर वह विशाल सिंह के गैराज पर पंडित नगला गए थे, जहां उन लोगों ने ई-रिक्शा के चारों बैटरे उतारकर विशाल को ही बेचे थे। गैराज की तलाशी ली। इसमें गैराज के कोने में चार बैटरा रखे मिले। जिन्हें देखकर सलीम व जीशान ने बताया कि यही वह बैटरे हैं, जिसे उन लोगों ने विशाल सिंह को बेचे हैं। विशाल ने पूछने पर पुलिस को बताया है कि वह होली चौक मैदान कटघर का रहने वाला है। उसने चोरी के बैटरे खरीदने की गलती मानी और बताया कि बरामद चारों नए बैटरे उसने लालच में खरीद लिए थे। जीशान पहले विशाल सिंह के पास ही काम करता था।

## साइबर ठगों ने बुद्धिविहार की महिला को धमकाकर की ठगी, खाते से उड़ाए 8,49,000 रुपये

# सीबीआई, ईडी व क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन कर रहे ठगी

- मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी राकेश मिश्र बताकर महिला को झांसे में लेकर कर ली ठगी
- साइबर ठगों से रहे सावधान, अपरिचित की कॉल को रिसीव करते समय बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार** : साइबर ठग आपको धमकाकर ठगने के विभिन्न तरीके अपना सकते हैं... लिहाजा आप घबराएं नहीं...। पहली बात अपरिचित की कॉल पर हिसाब से बात करें...अपने और बैंक खाता के बारे में कोई जानकारी साझा न करें। अपरिचित नंबर का कॉलर कहीं सीबीआई ऑफीसर बोल रहा हूं या ईडी से बोल रहा हूं...पुलिस इंस्पेक्टर बोल रहा हूं... इस तरह से अपना परिचय देकर आपको धमक में लेकर साइबर ठग रुपये ठग ले रहे हैं। जी हां, इसी तरह एक मामला बुद्धि विहार विकास नगर की एक महिला के साथ हुआ है।

पीड़िता के नंबर पर कॉल करने वाले ने कहा, मैं...मुंबई क्राइम ब्रांच से ऑफीसर राकेश मिश्र बोल रहा हूं...आप फंड ट्रांसफर कर संदीप सोढ़ी से कमीशन ले रही हैं...संदीप सोढ़ी मुंबई जेल में निरुद्ध है। इस तरह धमक में आई महिला घबरा गई। उसने ये भी कहा कि आपके जिस खाते में रुपये जमा हैं, उसे खाते को तुरंत खाली करो और रुपये स्टेट ट्रेजरी में जमा करो। ठग ने अपने खाते पर महिला से कुल 8,49,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब ठगी का अहसास हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसका बैंक खाता भी खाली हो चुका था। खैर, निराश और बेबस पीड़िता साइबर क्राइम थाने पहुंची और आपबीती बताई, जहां उसके मामले में पुलिस ने अज्ञात ठग के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

### इस तरह हुई थी साइबर ठगी

रेखा शर्मा (परिवर्तित नाम) बिजली विभाग में वरिष्ठ कर्मी थीं। वह सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। बताती हैं कि कॉलर ने उनसे कहा कि आपके आधार नंबर से लिंक सिम अंधेरी ईस्ट मुंबई का है। इससे टैक्समैसेज किए जा रहे हैं। आप पर मनी लांड्रिंग का मामला है। बोला, जांच में पाया गया है कि आपके मोबाइल नंबर से लगातार रुपये ट्रांसफर हो रहे हैं। उसने ई-मेल आइडी देकर कहा कि कोई सूचना हो तो मेल कर सकती हैं। ठग ने रेखा को भरोसे में लेने को हमदर्दी दिखाते हुए कहा कि जिस खाते में रुपये हैं, उसे तुरंत खाली करो। अन्यथा मनी लांड्रिंग मामले में फंसेंगी। हम आपका पैसा स्टेट ट्रेजरी में ट्रांसफर कर देंगे। वहां सुरक्षित रहेगा। फिर रुपये ट्रांसफर करने का तरीका समझाने के लिए कॉलर ने अपने अन्य साथी से उनकी बात कराई। उस दूसरे व्यक्ति के समझाए गए तरीके से रेखा शर्मा ने दो बार आरटीजीएस कर कुल 8,49,000 रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए।

### ठगी का शिकार होने के बाद आई सीख

ठगी का शिकार होने के बाद रेखा शर्मा बताती हैं कि वह चुप नहीं बैठी हैं। दूसरा उनका कोई संपर्की घर-परिवार या रिश्तेदार भी साइबर ठगी का शिकार न हो जाए, इसके लिए वह लोगों को अलर्ट कर रही हैं। अपरिचित कॉल रिसीव करती हैं तो बड़ी सावधानीपूर्वक बात करती हैं। अब वह किसी कॉलर की धमक में नहीं आ सकतीं। वह कहती हैं कि गनीमत थी कि जिस खाते से उन्होंने ठग को आरटीजीएस से रुपये ट्रांसफर किए थे वह लोन वाला खाता था। लोन की किस्त अदा होती रहे, इसलिए उन्होंने उसमें थोड़े रुपये डाल रखे थे।

पहली बात अपरिचित कॉलर से बात कर रहे हैं तो दबाव में न आएं और उससे वित्तीय मामले में बात न करें। यदि कॉलर आपको धमकाने के साथ ही रुपये-पैसे की बात कर रहा है तो समझ लीजिए साइबर ठग है। फोन पर बात समाप्त होने के बाद पहले समझें, फिर कोई निर्णय लें। साइबर ठगी होने पर जितनी जल्दी हो साइबर क्राइम सेल या थाने पर सूचना दें। घटना को छिपाएं नहीं।
– **धर्मेंद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक-साइबर क्राइम थाना



डॉ. देवेंद्र सिंह का स्वागत करते प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

### आरपी विद्या इंटर कालेज में हुआ सम्मान समारोह

**बिलारी, अमृत विचार**: क्षेत्र के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह पूर्व प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद रहे। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने किया। डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक संघ 11 मई को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रधानाचार्य को सम्मानित करेंगे। इस दौरान दीपक कुमार शर्मा, बलवंत सिंह, संजीव कुमार सिंह, कोमल राम, फरहीन खान, पूजा यादव, आदि मौजूद रहे।

# स्नातक में सीटें कम और छात्र अधिक कालेजों में प्रवेश को होगी मारामारी

## यूपी बोर्ड से 31,823 छात्र हुए उत्तीर्ण, सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थी भी लेते हैं स्नातक में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार**: यूपी बोर्ड का हाईस्कूल, इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अब स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए जद्दोजहद शुरू हो गई है। जिले के महाविद्यालयों में सीमित सीटें हैं, इसलिए प्रवेश के लिए मारामारी होना तय है। इस बार इंटरमीडिएट में 31,823 छात्र-छात्राओं ने सफलता पाई है। जबकि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेते हैं।

महानगर के हिंदू कॉलेज, गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, दयानंद कॉलेज, केजीके कॉलेज समेत अन्य कॉलेज हैं। इस समय महाविद्यालय में परीक्षाएं चल रही हैं। इस बार दसवीं में 42,775 और 12वीं में 38,918 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण रहा। इसमें दसवीं में 36,571 और 12वी में 31,823 ने सफलता हासिल की है। कॉलेजों में स्नातक में प्रवेश लेने के लिए सीमित सीटें रहती है। इसलिए जिन छात्र-छात्राओं ने इंटरमीडिएट में सफलता अर्जित की है, उन सभी का प्रवेश होना मुश्किल है। इसलिए प्रवेश के लिए मारामारी रहेगी। यही कारण है कि छात्र- छात्राओं को इन कॉलेजों के अलावा अन्य प्राइवेट कॉलेजों का रुख करना पड़ता है।

### माध्यमिक विद्यालयों की समय सारिणी होगी ऑनलाइन

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए विद्यालय की समय सारिणी को ऑनलाइन किया जाएगा। इसके बाद हर विद्यालय की प्रदेश स्तर पर मॉनीटरिंग की जाएगी। इसमें विद्यालय में शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों के विषय में जानकारी हो सकेगी और उनकी जिम्मेदारी भी तय हो सकेगी। विद्यालय में शिक्षक समय से अपनी कक्षा में पहुंचें और विद्यालय में शिक्षण कार्य बेहतर हो, इसके लिए विद्यालयों की समय सारिणी ऑनलाइन करने की कवायद शुरू की गई है। प्रथम चरण में सभी राजकीय विद्यालयों की समय सारिणी को ऑनलाइन किया जाएगा। विद्यालय की ओर से पूरे साल की समय सारिणी बनाकर अपलोड की जाएगी। इसकी प्रत्येक माह समीक्षा होगी। समय सारिणी की प्रदेश स्तर पर विद्या समीक्षा केंद्र ऑनलाइन मॉनीटरिंग करेगी। समय सारिणी ऑनलाइन होने से अधिकारियों को पता चल सकेगा। वर्तमान में कक्षा में कौन शिक्षक और किस विषय की पढ़ाई हो रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशानुसार विभागीय समय सारिणी ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए हैं।

**गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज**

| विषय | सीटें |
|---|---|
| बीए | 960 |
| बीएससी | 160 |
| बीकॉम | 60 |

**हिंदू कॉलेज**

| विषय | सीटें |
|---|---|
| बीए | 1440 |
| बीएससी गणित | 960 |
| बीएससी जीव विज्ञान | 560 |
| बीकॉम | 960 |
| बीबीए | 60 |
| बीएससी बॉयोटैक | 60 |
| बीकॉम ऑनर | 120 |
| बीकॉम फाइनेंस | 60 |

**केजीके डिग्री कॉलेज**

| विषय | सीटें |
|---|---|
| बीए | 1100 |
| बीएससी( पीसीएम) | 640 |
| बीएससी( बॉयो) | 160 |
| बीकॉम | 240 |
| एलएलबी | 300 |

### हाईवे पर ट्रक की टक्कर से रामपुर के किसान की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से किसान की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसा होटल-24 के पास हुआ। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। मूंढापांडे थाना पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि रामपुर के खूंटा खेड़ा गांव निवासी सुंदरलाल गांव के ही रिंकू के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर मंगलवार रात मुरादाबाद आ रहे थे। रात दोनों लोगों ने होटल-24 पर चाय पी थी। इसके बाद सुंदरलाल हाईवे के किनारे टहलने लगे थे। इसी बीच ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सुंदरलाल की मौत की सूचना ट्रैक्टर चालक रिंकू ने परिवार वालों को दी। परिवार में कोहराम मचा है। खबर पाकर मृतक के परिजन भी कुछ समय बाद मौके पर पहुंच गए थे। रिंकू ने बताया कि सुंदरलाल किसान थे। 40 दिन पहले ही उनकी पत्नी हीराकली की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। सुंदरलाल के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। मृतक सुंदरलाल की पत्नी हीराकली की मौत से परिवार अभी सदमे से उबर नहीं सका था। परिजन बच्चों की पहले मां और अब पिता की मौत से परेशान हैं।

# झांसा देकर किया दुष्कर्म, जेल जाने से बचने को किया निकाह

- अब पीड़िता को मायके में छोड़ा, एसएसपी ने कुंदरकी थानाध्यक्ष को दिए कार्रवाई के निर्देश
- पीड़िता का आरोप निकाह के बाद पति नहीं ले गया ससुराल, सादे कागज पर भी कराए हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार**: पीड़िता से दुष्कर्म करने के मामले में जेल जाने के भय से परिजन ने उसका आरोपी के साथ निकाह करा दिया। निकाह के बाद भी आरोपी पति उसे आज तक घर नहीं ले गया है। धोखेबाजी पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर पीड़िता बुधवार को एसएसपी से मिली।

मामला कुंदरकी थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि जान-पहचान के आरोपी ने उसे अपने साथ शादी का झांसा देकर फंसा लिया था। फिर 25 जनवरी 2024 को दोपहर ढाई बजे के दौरान उसे कुंदरकी में एक होटल में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसका कहना है कि दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने उसकी कुछ तस्वीरें खींच ली थीं। इसी के बल पर आरोपी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता रहा और उसे लगातार दरिंदगी का शिकार बनाता रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसने बहुत कुछ सोचकर 13 फरवरी को थाने जाकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस सक्रिय हुई तो आरोपी और उसके परिवार वाले भयभीत हुए। फिर आरोपी के पिता व भाई ने साजिश के तहत उसका निकाह आरोपी के साथ करा दिया था। निकाह के बाद थाने में सुलह लगाने के लिए आरोपी ने पीड़िता से सादे कागज पर हस्ताक्षर ले लिए थे। पीड़िता ने बताया कि निकाह के बाद भी उसका आरोपी पति एक बार भी अपने घर उसे नहीं ले गया। इससे वह अत्यधिक मानसिक पीड़ा में रहने लगी और उसे धोखेबाजी का अहसास होने लगा था। जिस पर वह कई बार आरोपी पति के विरुद्ध मामला दर्ज कराने के लिए कुंदरकी थाने गई और प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन, पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की है। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने कुंदरकी थानाध्यक्ष को आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।


वेतन मांग को लेकर कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार**: कई महीने से वेतन भुगतान न मिलने से नाराज आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों ने नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन किया। अपर नगर आयुक्त को अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। कर्मियों ने बताया कि वह लोग आल इंडिया इंस्टीट्यूट की आईईसी टीम की तरफ से आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। फरवरी-मार्च में उनकी तैनाती हुई थी। लगातार काम करने के बाद भी अभी तक वेतन भुगतान न होने से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सात मई तक पैसा मिलने का आश्वासन दिया गया था। यह तारीख भी बीत गई लेकिन भुगतान नहीं मिला। सीनियर प्रोजेक्ट हेड से कहने पर वह इस्तीफा देकर चले जाने की बात कह रही हैं। कर्मियों ने अपर नगर आयुक्त से नियमित वेतन दिलाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में नेहा, विशाल यादव, हर्ष, पूर्णिमा रानी, सन्नी सिंह, अभिनव खरे, यश वर्मा, दीपिका, कल्पना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दयानंद डिग्री कॉलेज के पास कार पर गिरा पेड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दयानंद डिग्री कॉलेज के पास खड़ी कार पर अचानक एक पेड़ गिर गया। इससे कार की छत व अन्य हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस दौरान कार पर कोई बैठा नहीं था। मार्ग पर कुछ देर तक यातायात व्यवस्था भी अव्यवस्थित हो गई। लोगों को मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाए जाने का इंतजार करना पड़ा। इससे दोनों तरफ से वाहनों का जाम लग गया। बताया जा रहा है कि बिलारी निवासी संजीव कुमार कचहरी आए थे। पेड़ के नीचे कार खड़ी करके वह काम निपटाने के लिए चले गए। कचहरी से बाहर निकले तो कार पेड़ के नीचे दबी हुई थी। पीआरडी जवान पुजारी लाल वाहनों का जाम खुलवाने में जुटे थे। सूचना पर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और पेड़ को हटवाया।

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

- शुक्रवार को महानगर में निकाली जाएगी विशाल कलश यात्रा
- यात्रा में विभिन्न झांकियां व बैंड रहेंगे आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार**: भगवान परशुराम सेवा समिति की ओर से बुधवार को समिति के बाजीगरान स्थित कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पंडित अनिमेष कुमार शर्मा ने की।

बैठक में 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर विगत 20 वर्षों से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा महानगर में निकाले जाने वाली विशाल कलश शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। समिति के संयोजक पंडित संजय स्वामी ने बताया कि प्रचार एवं कार्ड वितरण का कार्य चल रहा है। सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शोभा यात्रा में 12 झांकियां एक बैंड, एक अखाड़ा, एक ढोल ताशे वाले और एक हरे कृष्णा ग्रुप की भजन मंडली रहेगी। प्रत्येक झांकी के साथ एक सनातन धर्म की टोली रहेगी। इसके अतिरिक्त हिंदू समाज के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है।

बैठक में पंडित राजेंद्र मोहन शर्मा, संजय शर्मा, अवधेश पाठक, संजय स्वामी, मयंक शर्मा, अजय शर्मा, अजय मोहन शर्मा, निशांत शर्मा, हिमांशु वशिष्ट, शरद कौशिक, अमित शर्मा, विशाल शर्मा, रामजी पांडे, राज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# सड़क में घटिया सामग्री लगाने पर रोष


घटिया निर्माण सामग्री लगाने के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार**: क्षेत्र के गांव पल्लूपुरा घोसी में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सही सामग्री नहीं लगाई जाएगी सड़क नहीं बनने देंगे।

थाना क्षेत्र के गांव पल्लूपुरा घोसी में विधायक निधि से सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जिसको लेकर के ग्रामवासियों ने हंगामा काटा कहा कि सड़क एवं नाली निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। जिससे कुछ ही दिनों में सड़क एवं नाली ध्वस्त हो जाएगी। ग्रामवासियों ने कहा कि सही सामग्री लगाई जाए। ताकि आने वाले समय में वह बहुत जल्दी खराब ना हो जाए। इसको लेकर के नारेबाजी की। कहा कि घटिया सामग्री के साथ हम यह निर्माण नहीं होने देंगे। ठेकेदार मनमर्जी कर रहा है। इस अवसर पर हसनैन, शमशीर, मुशाहिद, जफर अली, साबिर, मोहम्मद हसन, शरीफ अहमद, कासिम आदि लोग मौजूद रहे।

# तबादलों के विरोध में नारेबाजी-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


डीआरएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार**: बुधवार को एनआरएमयू के लोगों ने डीआरएम कार्यालय स्थित सीनियर डीएसटीई कार्यालय के बाहर उन पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए अनैतिक स्थानांतरण के के खिलाफ प्रदर्शन कर संगठन ने अपनी आपत्ति व्यक्त की। प्रदर्शन में सीनियर डीएसटीई के द्वारा किए गए अनैतिक स्थानांतरण के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई।

नारेबाजी के आधा घंटे पश्चात सीनियर डीएसटीई द्वारा वार्ता के लिए बुलाया गया। जिसमें उनके द्वारा कुछ कर्मचारी का स्थानांतरण रोकने की बात की गई, लेकिन संगठन ने साफ कहा कि यह स्थानांतरण अनैतिक है तथा मिड टर्म ट्रांसफर है। संगठन ऐसे आदेशों को बर्दाश्त नहीं करेगा। जिसके बाद मंडल मंत्री राजेश चौबे द्वारा मंडल रेल प्रबंधक से वार्ता की गई। जिस पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्थानांतरण आदेशों को शीघ्र रद्द करने का आश्वासन दिया गया। चेतावनी दी गई कि यह अनैतिक स्थानांतरण रद्द नहीं किए जाते हैं तो संगठन का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। नरमू नेतृत्व ने स्पष्ट किया की कर्मचारी के अधिकार से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में सहायक मंडल मंत्री कुंवर सोहेल खालिद, शिवराज सिंह, नरेंद्र त्यागी, नफीस खान, मंडल उपाध्यक्ष मंजू बिष्ट, रजनीश चौबे, आईवन एडिसन, राकेश बलोदी, राजपाल, विनेश सिंह, पीके शर्मा, दिनेश श्रीमाली, समीर माथुर, उर्मिला, सीमा, विनय पाल, अंशुल गुर्जर मृत्युंजय पांडे, शाहरुख खान, पवन जोशी, अनिल सोनी, अमित यादव, दीपक, रजा खान, देवेंद्र, शुभम भंडारी शामिल रहे।

**आयोजन** एनआरएमयू ने मनाई वर्ष 1974 की रेल हड़ताल की स्वर्ण जयंती, डीआरएम कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में कर्मियों ने हिला दी थी सरकार : राजेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार**: बुधवार को एनआरएमयू मुरादाबाद मंडल द्वारा 1974 की रेल हड़ताल की स्वर्ण जयंती मनाई गई। जिसके तहत मंडल मंत्री राजेश चौबे के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन डीआरएम कार्यालय स्थित एनआरएमयू प्रेम कार्यालय में किया गया। इस उपलक्ष्य मे केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रवीणा सिंह की गौरवमयी उपस्थिति के साथ सभी लोकल शाखाएं के शाखा अधिकारी व कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा की गई व संचालन नरेंद्र त्यागी ने किया।


एनआरएमयू के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रेल कर्मचारी।

मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कार्यकर्ताओं को 1974 के हड़ताल के समय कर्मचारियों की विषम परिस्थिति में भी संयम न खोने व बहादुरी से अपने अधिकारों की लड़ाई को लड़ने को एक प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि 1970 का दशक भारतीय इतिहास में अनेक कारण से याद किया जाता है। उनमें से एक सबसे अहम वर्ष 1974 का था, जब समूचे भारत ने रेल कर्मचारियों के फौलादी इरादों को साक्षात् अपनी आंखों से देखा था। किसे मालूम था की उस समय की इंदिरा गांधी के नेतृत्व मे चल रही तानाशाह सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की कोई सोच भी सकता है, लेकिन उस समय जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ अपनी आवाज बुलंद की थी, बल्कि सरकार की जड़ों को हिला कर रख दिया। ठीक 50 वर्ष पूर्व आठ मई के दिन लाल झड़ा उठाए लाखों रेल कर्मचारी जब सड़कों पर अपनी जायज मांगें मनवाने उतरे, तब उस समय की बहुमत की सरकार को भी हमारी ताकत का अंदाजा लग गया था। शासन-प्रशासन ने आंदोलन को दबाने की कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यकर्ताओं को जेल में ठूंस दिया गया। हजारों को नौकरी से बर्खास्त करने के आदेश कर दिए गए। यदि उससे भी काम न बना तो कर्मचारियों के परिवार को प्रताड़ित किया गया। लेकिन एआईआरएफ के कर्मचारियों के मजबूत इरादों को डगमगा न सके। आज आप और मैं जिस प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस का लाभ उठा पा रहे हैं, यह सन 74 की उसी 20 दिवसीय ऐतिहासिक हड़ताल की बदौलत है।

इस मौके पर प्रवीणा सिंह, नफीस खान, कुंवर सुहेल खालिद, नरेन्द्र त्यागी, शिव राज सिंह, दीपक यादव, रजनीश चौबे, मंजू बिष्ट, राकेश बलोदी, राजपाल, ,विनेश ठाकुर, समीर माथुर,दिनेश श्रीमाली, अंशुल गुज्जर, पवन जोशी, विनय पल, राशिद, दीपक शामिल रहे।

# घंटों रहा दहशत का माहौल, अटकी रहीं सांसें

## ग्रामीणों ने साहस दिखाकर तेंदुए को कमरे में किया बंद, टीम से की तेंदुए को रिजर्व टाइगर भेजने की मांग

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** एक ओर जहां ग्रामीणों ने तेंदुए के पकड़े जाने के बाद राहत की सांस ली। वहीं इस दौरान ग्रामीणों की सांस अटकी रही। क्योंकि तेंदुआ कई लोगों को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर चुका था। ग्रामीणों ने साहस दिखाकर तेंदुए को कमरे में बंद कर दिया था। जिसे बाद में आकर वन विभाग की टीम ने बेहोश कर पिंजरे में बंद कर अपने साथ ले गई।

बुधवार को सुबह से ही घटना से ढेला नदी के आसपास बसे छह गांव त्रिलोक का मजरा, जटपुरा, जलालपुर, तुमरिया कला, तेलीपुरा फोदापुर मैं दहशत फैल गई। पूरे दिन अफरा तफरी का माहौल बना रहा। तेंदुआ पकड़ने के दौरान ग्रामीणों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए और छतों पर बैठ गए। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में सफल रही। वहीं घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कराया गया। वहीं पिता-पुत्र की हालत बिगड़ती देख वहां तैनात डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। परिजनों ने बेहतर उपचार के लिए दोनों को काशीपुर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया। दूसरी ओर दहशतजदा ग्रामीणों का कहना है कि सक्रिय तेंदुओं का झुंड लगभग एक सप्ताह से जंगल में घूमता देखा जा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते बुधवार को जिसका अंदेशा था वहीं हुआ और तेंदुआ हमलावर हो गया। उसने चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दहशतजदा ग्रामीण रातें छतों पर बैठकर गुजार रहे हैं। साथ ही टोलियां बनाकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। किसान हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेतों पर काम करने जा रहे हैं। वन दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि सक्रिय तेंदुए को कस्टडी में ले लिया गया है। वन विभाग के चिकित्सकों की टीम परीक्षण करेगी। उसके बाद तेंदुए को पहुंचाने के लिए फैसला लिया जाएगा। उधर, ग्रामीण नफीस अहमद, प्यारेलाल, सोमपाल, बृजमोहन, हुकम सिंह, नौशाद, मोहब्बत, फुरकान, अमजद, हरपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह आदि ने बताया कि वन विभाग की टीम गुमराह कर रही है। कहीं भी आसपास के जंगल में छोड़ तेंदुए को छोड़ देगी। जो फिर सक्रिय होकर किसी की भी जान ले सकता है। ग्रामीणों ने तत्काल तेंदुए को रिजर्व टाइगर भेजने की मांग की है।


पिंजरा लगाने के बारे में विचार-विमर्श करतीं टीम। ● अमृत विचार


तेंदुए के पकड़े जाने के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार



पिंजरे में कैद तेंदुआ व हमले में घायल किसान भूकन नाथ। ● अमृत विचार

## एक नजर

### उधार के रुपये नहीं मिलने पर की शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम जमालपुर मुंडा नंगला थाना छजलैट का है जहां दो वर्ष पूर्व लिंटर के सामान का पैसा न देने पर आपस में कहासुनी हो गई। इस संबंध में पीड़ित ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम जमालपुर मुंडा नंगला निवासी इकबाल अहमद ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह लिंटर के सामान का काम करता है। करीब दो वर्ष पूर्व ग्राम शाहपुर मुबारकपुर उर्फ कोकरपुर थाना छजलैट जाकिर लिंटर का सामान लेकर गया था। जोकि सामान आज तक नहीं पहुंचाया। सामान व दो वर्ष का किराया लगभग 40,000 रुपये बैठता है। मैंने अपना सामान और पैसे मांगे तो उसने मुझे धमकाया और गाली-गलौज की। पीड़ित ने इस संबंध में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### राशन वितरण को लेकर हो खुली बैठक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील के गाम मानपुर दत्तराम निवासी आषुतोष कुमार ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर कहा कि गांव में राशन वितरण को लेकर पंचायत भवन में खुली बैठक होनी चाहिए। इसमें एनएफएसए और अंत्योदय कार्ड धारकों की समस्याएं सुनकर समाधान कराया जाए।

### तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**अमृत विचार, ठाकुरद्वारा :** ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि गांव फरीदपुर कासम में गाटा संख्या 106 पर स्थित तालाब को मत्स्य पालन के लिए 2014 में वार्षिक लगान पर पिंकी देवी पत्नी नरेंद्र सिंह को आवंटित किया गया था। 2024 को तालाब को दस साल हो चुके हैं। पिंकी देवी ने एक बार लगान जमा किया है। उसके बाद कोई लगान जमा नहीं किया है और न ही कब्जा हटाया। इस संबंध में उसके कई बार नोटिस भी दिए जा चुके हैं। उन्होंने तालाब से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। इसमें राजवीर सिंह, छुट्टन, त्रिवेनी सिंह, मुन्नू सिंह, ललताप्रसाद, बलराज सिंह, थान सिंह आदि शामिल थे।

### भूमि विवाद में मां-बेटे को पीटा, तहरीर दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम दारापुर निवासी अंकित तेवतिया ने पुलिस को तहरीर देकर बयाया कि मंगलवार को सुबह 9बजे के आसपास वह अपनी मां के साथ घर के बाहर खड़ा था। इस बीच गांव के अर्जुन सिंह पुत्र लाखन सिंह, सोनू पुत्र लाखन सिंह, संजय पुत्र लाखन सिंह, रमेश पुत्र रतन सिंह ने मौके पर आकर गाली-गलौज की। उन्होंने ईंट, डंडे एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें उसके गंभीर चोट आई।


ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर लगी आग को टीमों द्वारा बुझाया गया। ● अमृत विचार

# मार्ग किनारे पेड़-पौधों में लगी आग बुझाने में जुटीं टीमें

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मार्गों के किनारे पेड़-पौधों में बीते कई दिन से धधक रही आग की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद वन विभाग व अग्निशमन दल की टीम ने संयुक्त रूप से मार्गों के किनारे लगी आग को बुझाने का काम शुरू कर दिया है।

बताते चले कि दो दिन पूर्व अमृत विचार ने आग लगने की घटनाओं को लेकर प्रमुखता के प्रकाशित किया था। जिसके बाद दोनों विभागों की टीम ने मार्गों के किनारे निगरानी बरतनी शुरू कर दी। जहां-जहां आग लग रही है वहां पर टीम पहुंचकर आपको बुझा रही है। वन क्षेत्र अधिकारी रवि गंगवार ने बताया कि वन विभाग की टीम को लगातार निगरानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उधर, ठाकुरद्वारा दमकल विभाग के सब इंस्पेक्टर नासिर खान बताया कि बीते दो दिन से लगातार दमकल विभाग की टीम मार्गों पर निगरानी बनाए हैं।


मार्गों के किनारे पेड़-पौधों में चार दिन से धधक रही आग

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

# कार चालक ने वृद्ध को मारी टक्कर, घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार चालक ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटी भीड़ को देख चालक कार ले कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल घायल को चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार की शाम 4:00 नाजरपुर पट्टी निवासी 60 वर्षीय राम सिंह पुत्र जयप्रकाश किसी काम से साइकिल से सुरजन नगर गए थे। देर शाम घर लौटते समय सुरजन नगर-करनपुर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के निकट पीछे से तेज रफ्तार कार चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें राम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटी भीड़ को देख चालक कार को लेकर फरार हो गया। घायल को परिजनों ने निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे टीएमयू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नाजरपुर पट्टी निवासी दिनेश कुमार पुत्र मेघराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क पर भूसा उतारने को लेकर चले लाठी-डंडे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** सड़क पर भूसा उतारने के दौरान दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें एक पक्ष की महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफ नगर निवासी शीशपाल, दुर्योधन पुत्र हरकिशन मंगलवार की रात्री दस बजे खेत से भूसा लाकर बैलगाड़ी घर के सामने रास्ते में खड़ी कर घर में भूसा डाल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी विशेष कुमार पुत्र चंद्र बोस के घर में भूसा उड़ कर चला गया। इसी को लेकर विशेष ने अपने परिवार के साथ लाठी-डंडे व सरिया लेकर उनके ऊपर हमला बोल दिया। जिसमें शीला देवी पत्नी दुर्योधन, शीशपाल पुत्र हरकिशन, दुर्योधन, जैकी पुत्र दुर्योधन सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार पर मोहल्ले के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पुरानी रंजिश में दंपती से मारपीट, घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** घर से बाजार जाते समय मोहल्ले के कई लोगों ने दंपती को लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 16 निवासी नाजिम पुत्र साबिर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मोहल्ले का परवेज का परिवार उससे पुरानी रंजिश रखता है। बुधवार की शाम 7 :00 बजे वह किसी काम से बाजार जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह उसके घर के दरवाजे के सामने पहुंचा। परवेज अपने परिवार के आधा दर्जन लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की।

## सार संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में थाना कांठ पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी नीतू उर्फ मनीता का विवाह नगर के मौहल्ला पट्टी वाला में हुआ था, जिनके पति की भी कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। करीब दो माह पूर्व नीतू का शव भी रेल की पटरियों पर पड़ा मिला था। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उप निरीक्षक विपिन कुमार ने बृजपाल उर्फ अप्पू पुत्र व नीतू उर्फ बबली पत्नी बृजपाल सिंह निवासी मोहल्ला पट्टी वाला कांठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर नागरिकों में रोष

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण नागरिकों में रोष व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत द्वारा वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जाता है। जिससे कि किसी प्रकार के रोग नगर में पैर न पसार सके, लेकिन नगर पंचायत कांठ के वार्ड नंबर 5 में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। वहां के स्थानीय नागरिकों ने कई बार इसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष सभासद व सफाई नायक से कर चुके हैं लेकिन गंदगी नहीं उठी। स्थानीय निवासी उपेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि लगभग दो सप्ताह से साफ सफाई न होने के कारण यहां से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सफाई की मांग की। इस दौरान हरीश कुमार एडवोकेट, पुष्पेंद्र कुमार चौहान, लकी चौहान आदि उपस्थित रहे।


भावेश शर्मा का जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत करते अतिथि। ● अमृत विचार

### भावेश शर्मा बने महासभा के जिलाध्यक्ष, किया स्वागत

**कांठ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने आचार्य भावेश शर्मा को मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में राज्य कोषाध्यक्ष और भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले भावेश शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का जनपद मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। इस दौरान महेश चंद शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, संजय कौशिक, सत्य प्रकाश शर्मा, अंकुर शर्मा, महेश चंद शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा आदि ने उनका स्वागत किया।


बस को रवाना करते डायट प्राचार्य। ● अमृत विचार

### शैक्षिक भ्रमण प्रशिक्षण का हिस्सा है : डॉ. ओमप्रकाश

**कांठ, अमृत विचार :** धर्म सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ से बुधवार को डीएलएड 2022-24 बैच के तृतीय सैमेस्टर में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं का दल संस्थान की ओर से तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ। डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से कहा कि शैक्षिक भ्रमण प्रशिक्षण का हिस्सा है। शैक्षिक भ्रमण से संबंधित सभी गाइड लाइनों के बारे में बताया। पहले दिन शैक्षिक भ्रमण प्रशिक्षुओं ने हरिद्वार में लक्ष्मण झूले का आनंद लाभ उठाया। डॉ. ओपी गुप्ता ने प्रशिक्षुओं को लक्ष्मण झूले की विशेषता के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ .सुनील कुमार, डॉ. नेहा इकबाल, शीतल कुमार, डॉ. टीना वर्मा रहीं हैं। इस दौरान प्रवक्ताओं में डॉ. अनिल कुमार यादव, आशुतोष त्यागी, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. लोकेंद्र विश्वकर्मा आदि साथ रहे।

# तुमरिया डैम से नहरों में छोड़ा पानी, खिले चेहरे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के तुमरिया डैम से यूपी की नहरों में क्षेत्र के किसानों की मांग पर पानी छोड़ दिया गया। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे।

बताते चलें कि उत्तराखंड के तहसील जसपुर क्षेत्र में तुमरिया डैम स्थित है। पहले यह उत्तर प्रदेश में ही आता था। इसका संचालन मुरादाबाद से किया जाता था। वर्ष 2000 में यूपी का विभाजन होने के बाद पर्वतीय क्षेत्र को उत्तराखंड में सम्मिलित कर दिया गया। तब से तुमरिया डैम की सारी कमान उत्तराखंड के काशीपुर स्थित सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अधीन है। उत्तराखंड की सीमा पर सटे मुरादाबाद की तहसील ठाकुरद्वारा व रामपुर जनपद की तहसील स्वार टांडा मुंढापांडे दलपतपुर के क्षेत्र के किसान जलाश्य व बरसात के ऊपर निर्भर रहकर खेती किसानी करते हैं। बीते 20 दिन से ठाकुरद्वारा क्षेत्र के किसान लगातार नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग कर रहे थे। सोमवार की रात्रि को यूपी की नहरो में पानी छोड़ दिया गया। किसान हरपाल सिंह, मंशा राम यादव, देवराज सिंह का कहना है कि एक सप्ताह अगर नहरों में पानी नहीं छोड़ा जाता तो फसल सूखने पशुओं के सामने चारे का संकट खड़ा हो जाता।


ठाकुरद्वारा में रजवाहे में बहता पानी।

# करंट लगने से युवक झुलसा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर किया

**अमृत विचार :** हाईटेंशन विद्युत लाइन के पोल पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाते समय करंट लगने से युवक झुलसकर नीचे गिर गया। जिसे घायल अवस्था में लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नगर के वार्ड 11निवासी फुरकान पुत्र जहरू फ्लेक्सी बोर्ड लगाने का काम करता है। बुधवार को वह रतुनपुरा रोड पर अपने एक साथी के साथ फ्लेक्सी बोर्ड लगाने गया था। रतुपुरा रोड पर स्थित हाई टेंशन विद्युत पोल पर अपने एक साथी के साथ फ्लेक्सी बोर्ड लगा रहा था। अचानक पोल में करंट उतरने से वह झुलस कर नीचे गिर गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल फुरकान को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**आयोजन** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आरंभ, सुबह में प्रभात फेरी निकाली

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर किया सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार को सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा ग्राम पापड़ी की टीम द्वारा किया गसर। इसके मुख्य यजमान अरुण शर्मा और उनकी धर्मपत्नी पूनम शर्मा रहीं।

कार्यक्रम में पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्रा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पं. महेश चंद्र शर्मा ने भगवान श्रीपरशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए ब्राह्मण समाज से एकजुट रहने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ब्राह्मण समाज को भारतीय सनातन संस्कृति से जुड़कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो समाज अथवा व्यक्ति अपनी संस्कृति को नहीं अपनाता उसका पतन निश्चित माना जाता है। उन्होंने कहा कि वह भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक के बीच ब्राह्मण समाज के कक्षा 5 से कक्षा 7 तक के बच्चों की भगवान श्री परशुराम और सनातन संस्कृति से संबंधित 50 वैकल्पिक प्रश्नों की ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों का सम्मान 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के दिन किया जाएगा। इस अवसर पर वेद प्रकाश शर्मा, तेजपाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मूलचंद शर्मा, सुखलाल शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, राजेश कौशिक, राजीव शर्मा उर्फ डेजू, अनंत शर्मा, शार्व शर्मा, अभिनव शर्मा, प्रियम शर्मा, रजत शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, अमित कौशिक, संजय कौशिक सहित ग्राम दुम्हेल्ला, समदपुर, भूखापुरी, पोटा, काजीखेडा, रुस्तमपुर, पापड़ी आदि से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


प्रभात फेरी में शामिल महिलाएं व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### प्रभात फेरी में महिलाओं ने किया प्रभु का गुणगान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के पं. बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुधवार को पहले दिन प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुष एकत्रित हुए जिन्होंने भगवान श्री परशुराम के कार्यों का वर्णन करते हुए भजन प्रस्तुत किए। प्रभात फेरी का यतेंद्र शर्मा के आवास पर उनकी पत्नी शुभ्रा शर्मा सहित परिवार ने फूल वर्षा करके स्वागत किया और जलपान कराया। प्रभात फेरी का आरंभ रेलवे से सेवानिवृत पं. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने जबकि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मंजू शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर चंद्र सुमन शर्मा, दिया शर्मा, मनोरमा शर्मा, सुनीता शर्मा, अनीता शर्मा, मीनू शर्मा, माया शर्मा, पूनम शर्मा, रितिका शर्मा, यशिका शर्मा, विनीता शर्मा आदि बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज की महिलाएं मौजूद रही।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### चारा काटते समय मशीन में मां-बेटी का आया हाथ

**हसनपुर, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी धर्मवीर की पुत्री सुनीता मंगलवार शाम पशुओं के लिए कुट्टी मशीन में चारा काट रहा थी। इस दौरान अचानक उसका एक हाथ मशीन में फंसकर लहूलुहान हो गया। सुनीता की चीख-पुकार सुनकर उसकी मां मालवती बचाने आई तो बेटी को बचाते समय उसका भी हाथ मशीन में आकर जख्मी हो गया। मां-बेटी के घायल होने से परिवार में कोहराम मच गया। दोनों घायल मां बेटियों को परिजन उपचार के लिए हसनपुर के निजी अस्पताल में लेकर आए। जहां उपचार के बाद दोनों मां बेटियों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

### ग्राम पंचायतों में अधूरे कार्यों को पूरा कराएं

**अमरोहा, अमृत विचार** : मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की और अधूरे कामों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विकास कार्य की समीक्षा की। ग्राम पंचायतों में अधूरे कार्यों को मनरेगा से जल्द पूरा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों एवं नालियों की सफाई करने पर जोर दिया जाए। जिन ग्राम पंचायत में गोशालाओं का निर्माण चल रहा है। उसे जल्द पूरा कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने बगद नदी पर मंजूर किए गए कार्यों को भी जल्द पूरक करने की हिदायत दी है।

### बरखेड़ा सादात में श्री मद्भागवत कथा सम्पन्न

**डिडौली, अमृत विचार** : अमरोहा ब्लाक के गांव बरखेड़ा सादात में चल रही श्री मद्भागवत साप्ताहिक कथा बुधवार को सम्पन्न हो गई। कथा वाचक ओमजी महाराज ने कथा समापन करते हुए यज्ञ का अनुष्ठान कराया। जिसके बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कथा वाचक ने बताया कि कलयुग में श्री मद्भागवत कथा सुनने लाभदायक है। इस अवसर पर विशाल, ममता रानी, शिल्पी, गजेंद्र अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, सौरभ, अंकित, मोहित, कैलाश चौहान, बुद्धि सिंह चौहान, राजेन्द्र वाल्मीकि रहे।

अमरोहा की खबरें पेज 9 पर भी

# मौत से पहले मुनेश ने पुलिस से जताई थी अनहोनी की आशंका

## जिस जमीन को ठेके पर लेकर खेती करता था मुनेश उसी में मिला दंपती का शव, महिला के गले और चेहरे पर थे चोट के निशान

संवाददाता, हसनपुर


मौके पर पड़ताल करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार


दंपती की हत्या के बाद विलाप करते परिजन व रिश्तेदार। ● अमृत विचार


पुलिस से घटना की जानकारी करते विधायक।

**अमृत विचार** : पति-पत्नी की हत्या से क्षेत्र में दहशत फैल गई। हत्या से पहले मुनेश ने पुलिस को फोन किया था। उसने पुलिस से कहा था कि उसे चार लोगों ने घेर लिया है। वह उनको जान से मार देंगे। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पति-पत्नी को तलाश किया। लेकिन मौके पर दंपती का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद बुधवार सुबह खेत पर दंपती के शव मिले। अब पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

बता दें कि मंगलवार सुबह पति-पत्नी रिश्तेदारी में गए थे। रात दो बजे बाइक से लौट रहे थे। देर रात मुनेश ने 112 डायल पर पुलिस को सूचना दी और कहा कि रिश्तेदारी से लौटते वक्त हम लोगों को गांव के पास जंगल में चार लोगों ने घेर लिया है। जल्दी से आ जाइए, नहीं तो ये लोग हम दोनों को जान से मार देंगे। सूचना मिलते ही पुलिस रात तीन बजे मुनेश के घर पहुंची। पत्नी-पत्नी को दो घंटे तक तलाश की। मगर तब दोनों का कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने दोनों का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। उसके गले पर गहरे चोट के निशान दिखे। वहीं कुछ ही दूरी पर उसके पति का शव फंदे से मचान से लटका हुआ था। जबकि उसके पैर जमीन पर टिके हुए थे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पति-पत्नी ने किया होगा संघर्ष

**हसनपुर, अमृत विचार** : मुनेश का शव मचान से लटका हुआ था। उसके दोनों घुटने जमीन पर टिके हुए थे। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को लटकाया गया है। जिस स्थान पर मुनेश की पत्नी प्रवेश का शव मिला है, वहां पर जमीन पर ऐसे निशान थे। जिससे अनुमान है कि जिंदगी बचाने के लिए उसने संघर्ष किया होगा। पास में ही प्रवेश की हसली, चप्पल व टूटी हुई चूड़ियां पड़ी थीं। खेत की मेढ़ पर लगे कटीले तारों पर उसके बाल टूटकर उलझ गये थे। प्रवेश की शरीर पर चोट के निशान है। जिससे लग रहा था प्रवेश कि उसका गला दबाकर हत्या की गई है। जबकि मुनेश की हत्या करने के बाद उसके शव को लटकाया हो।

### घटनास्थल दे रहा दोहरे हत्याकांड की गवाही

**हसनपुर, अमृत विचार** : दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही आसपास के कई गांवों के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का नजारा देखकर अधिकतर लोगों ने अनुमान लगाया कि दोनों की योजना बनाकर हत्या की गई है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### कई बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिस मुनेश का मोबाइल कब्जे में लिया

**हसनपुर, अमृत विचार** : पति पत्नी की मौत के बाद इसका खुलासा करने के लिए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। मुनेश के मोबाइल को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उसकी कॉल डिटेल भी पुलिस निकलवाने के बाद उस पर भी जांच करेगी। एएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस कई बिंदुओं पर इस कांड की जांच कर रही है। कई टीमें लगा दी गई हैं। जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेटे से ससुराल जाने के लिए कह कर निकला था

**हसनपुर, अमृत विचार** : मुनेश व उसकी पत्नी की मौत के बाद कई अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। उसके बेटे पंकज का कहना है कि उसके पिता गांव दारापुर ननिहाल जाने के लिए कह कर गए थे। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि वह हसनपुर से खुरपा लाने की बात कह कर गए थे। जबकि मुनेश अपनी पत्नी व बेटी के साथ अपनी बहन के घर पहुंचा था। मुनेश ने अपनी बहन कौशल्या से खाना बनवाकर भी खाया था। उसके बाद वहां से घर के लिए चला था।

### ठेके पर जमीन लेकर खेती करता था मुनेश

**हसनपुर, अमृत विचार** : मुनेश की मौत के बाद ग्रामीणों ने बताया कि वह सज्जन व्यक्ति था। मुनेश अपने रिश्तेदारों की जमीन ठेके पर लेकर खेती करता था। मुनेश ने जो जमीन ठेके पर ले रखी थी। उसी में उसका व उसकी पत्नी का शव पड़ा हुआ था। मुनेश व उसकी पत्नी ने अपने पीछे एक बेटा व दो बेटियों को छोड़ी हैं।

# नीलगाय की टक्कर से महिला की मौत, बेटा गंभीर घायल

संवाददाता, गजरौला

**हादसा**

- बाइक से मां और बेटा अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे
- मृतका के परिजनों ने नहीं की कोई कानूनी कार्रवाई

**अमृत विचार** : गजरौला-तिगरी मार्ग पर बुधवार सुबह नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों अमावस्या पर तिगरी गंगा में स्नान करने के लिए जा रहे थे। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सकरथली गांव निवासी मनोज बुधवार सुबह बाइक से अपनी मां विमला के साथ अमावस्या पर तिगरीधाम गंगा में स्नान करने के लिए जा रहा था। रास्ते में गजरौला-तिगरी मार्ग पर गांव कुमराला के पास सड़क पर अचानक से नीलगाय आ गई और उसकी बाइक को टक्कर मार दी। नीलगाय की टक्कर से बाइक गिर गई। बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर एकत्र राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में मृतका के परिजनों ने पोस्टमार्टम व कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## विद्युत विभाग ने 40 बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**अमरोहा, अमृत विचार** : विद्युत विभाग ने बकाया बिल की वसूली के लिए अभियान चलाकर 40 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में खलबली मच गई।

बुधवार को विद्युत वितरण अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि राजस्व वसूली के लिए नगर में बकायेदार बिजली उपभोक्ता के खिलाफ अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने 40 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इसके अलावा विद्युत विभाग की टीम ने अन्य उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि बुधवार को बकायेदार उपभोक्ताओं से पांच लाख रुपये भी वसूल किए गए।

# हादसे के बाद पिकअप में लगी आग, चालक की जलकर मौत

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार** : हाइवे पर पिकअप में आग लगने से चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


संदीप का फाइल फोटो।

जिला मेरठ के थाना किठौर क्षेत्र के अमरपुर गांव में स्व. किसान नरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। दो बेटों में 40 वर्षीय छोटा बेटा संदीप कुमार पिकअप गाड़ी चालक है। सोमवार रात वह शाहजहांपुर के कटरा से बिजली के केबल लादकर दिल्ली जा रहा था। डिडौली में हाइवे पर देर रात लगभग एक बजे मुरादाबाद की ओर से आ रहे ट्रक में पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी और ट्रक में फंस गई। जिससे पिकअप में आग लग गई। इसके बाद ट्रक के चालक ने डिडौली सर्विस लाइन पर फ्लाईओवर के नीचे लाकर पुल की दीवार में टक्कर मार कर पिकअप गाड़ी को जलते हुए छोड़कर ट्रक को लेकर फरार हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले पिकअप जल चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने पिकअप से चालक के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृत युवक के परिजन डिडौली कोतवाली पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक संदीप कुमार दो भाईयों में छोटा था। परिवार में पत्नी मोनी देवी व तीन वर्षीय बेटा छोटू 11 वर्षीय बेटी दीपिका तथा परिजनों का बुरा हाल है।

## सार संक्षेप

### जिला अस्पताल में महिला के लिए किया रक्तदान

**अमरोहा, अमृत विचार** : लोगों में अब भी मदद करने का जज्बा है। जरूरत पड़ने पर कई लोग अपरिचितों के लिए रक्तदान कर देते हैं। एक ऐसा ही मामला सामने आया है। समीना अख्तर महिला को खून की जरुरत थी, लेकिन खून नहीं मिल पा रहा था। जिला अस्पताल के चिकित्सक वसीम खान ने परवाज फाउंडेशन के सदस्य शिबू मंसूरी से संपर्क किया और ब्लड की आवश्यकता बताई। शिबू मंसूरी ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष शाहरुख खान ने कहा कि जरूरत पड़ने पर मदद की जाएगी।


रक्तदान करते शिबू मंसूरी।

### निबंध प्रतियोगिता में स्थान पाने पर छात्रों का सम्मान

**सैदनगली, अमृत विचार** : जन शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की थी। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने संस्कृति बौद्ध परियोजना के अंतर्गत संस्कृति सेवा शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा निबंध प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें बाल वर्ग की छात्रा प्रज्ञा कक्षा अष्टम तथा किशोर वर्ग की छात्रा धारणा शर्मा कक्षा दशम दोनों को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक अशोक फैसल व प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने सम्मानित किया।

### कंप्यूटर ऑपरेटर से ऑनलाइन ठगी का प्रयास

**अमरोहा, अमृत विचार** : बुधवार को डीआईओएस कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर कमल सिंह को फोन कर ठगी का प्रयास हुआ। बुधवार सुबह उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने नाम विजय शर्मा एसएचओ थाना नोएडा बताया। कहा कि आपके बेटे के दोस्तों ने नाबालिग से रेप किया है। जिसमें आपके बेटे का भी नाम है। 30 हजार ट्रांसफर कर दो वरना आपके बेटे को गिरफ्तार करने आ रहा हूं। तब कमल सिंह ने कहा कि वह एसपी से शिकायत करने जा रहे हैं। तभी अपराधी ने कॉल कट कर दी। इसके बाद पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए दिए जाएंगे कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- 10 नलकूपों पर जनरेटर और 37 वाटर कूलर लगाए गए

**अमृत विचार** : नगर में पेयजल संकट को दूर करने के लिए नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने जलकर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि पालिका द्वारा नगरीय पेयजल आपूर्ति में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि पालिका क्षेत्र में 32000 घरों व दुकान और प्रतिष्ठानों में पालिका द्वारा जलापूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पूर्व ओवरहेड टैंक, नलकूपों, पाइप लाइनों की कमी के कारण प्रत्येक गली मोहल्लों तक पानी पहुंचने में बाधा उत्पन्न हुई थी। इस समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका की ओर से प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर में इस समय 21 नलकूप कार्य कर रहे हैं। जल भंडारा के लिए नौ ओवरहेड टैंक है। नगर के प्रत्येक घर में कनेक्शन देने के लिए नगर में पाइपलाइन का जाल बिछाया जा रहा है। बताया कि त्योहारों पर नगर पालिका की ओर से जलापूर्ति के लिए जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था की जाती रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पालिका के 10 नलकूपों पर बड़े जनरेटर लगाए गए हैं। गर्मी में पालिका द्वारा 37 वाटर कूलर स्थापना की गई है। अधिशासी अधिकारी ने जलकर अनुभाग की मीटिंग कर नगर में पालिका द्वारा स्थापित समस्त वाटर कूलरों की जांच करवाने एवं खराब वाटर कूलर को तत्काल सुचारु कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में वाटर कूलरों से लोगों को शीतल जल की सुविधा मिल सके।

## कल निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार** : भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शुक्रवार को नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित विनय कुमार शर्मा ने बताया कि महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सुबह सात बजे हवन एवं दोपहर बाद चार बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की समाप्ति के बाद ब्राह्मण धर्मशाला में सहभोज होगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पर पहुंच कर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस बार शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण वृंदावन की इस्कॉन मंडली रहेगी। उन्होंने बताया की शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए बाहर से झांकियां भी बुलाई जा रही हैं।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता, गजरौला


बृजघाट में गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : वैशाख अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगाधाम में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

बुधवार सुबह से ही सूर्य की पहली किरण के साथ ही गंगा तटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करना शुरू कर दिया। हर-हर गंगे के जयकारों से गंगा घाट गूंज उठे। बहुत से श्रद्धालु मंगलवार देर रात से ही बृजघाट पहुंच गए। सुबह में गंगास्नान कर आरती में शामिल हुए। सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही गंगा तट पर धार्मिक अनुष्ठान कराते हुए मंगलकामना की। अमरोहा के साथ ही हापुड़ , बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, संभल आदि आसपास जिलों से भी श्रद्धालु बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में गंगा स्नान करने पहुंचे। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जरूरतमंदों को दान देकर पुण्यलाभ कमाया। सुरक्षा को लेकर दोनों ही स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### गंगा में स्नान कर की कामना

**रहरा, अमृत विचार** : वैशाख अमावस्या पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पौरारा पर आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य का लाभ कमाया। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख शांति के लिए गंगा मैया से कामना की। बुधवार सुबह से ही पौरारा घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया। हर हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा घाट गूंज उठा। सूर्य को अर्घ्य देकर गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान कराते हुए मंगल कामना की।

### तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार** : थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि थाना रहरा पुलिस ने उधम पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम छपना को तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। मंगलवार को पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0668032 व इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0491104 के मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए है। साजिद हुसैन पुत्र कय्यूम निवासी गुलड़िया मुराद तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद ।

**नीलामी सूचना**

**पत्रांकः व-37/2015 (विविध)** **दिनांकः 07 मई 2024**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद रामपुर पुलिस लाइन परिसर में स्थित ओवर हैड टैंक एवं टयूबवैल के जीर्ण/क्षीर्ण व जर्जर हालत में होने के कारण भवनों को निष्प्रयोज्य व कण्डम घोषित किये जाने के उपरान्त भवनों की दिनांक 13-05-2024 को प्रातः 12.00 बजे सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी के समय ठेकेदारों द्वारा बोली, लगायी जायेगी। इच्छुक रजिस्टर्ड ठेकेदार नियत तिथि व समय पर पुलिस लाइन परिसर के प्रॉगण में आकर रू0 10,000/- अग्रिम धरोहर के रूप में जमा करके अपनी नीलामी में भाग ले सकते हैं। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक होगी नीलामी उसके पक्ष में छोड़ी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक ठेकेदार को उस समय लगी बोली के अगले क्रम में बोली लगाना अनिवार्य है। जिस ठेकेदार द्वारा एक भी बोली नहीं लगायी जायेगी उसके द्वारा जमा अग्रिम धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करके अग्रेतर विधिक कार्यवाही करने पर विचार किया जायेगा। नीलामी के उपरान्त छोड़ी गयी नीलामी की धनराशि तत्काल ऑकिक शाखा, पुलिस कार्यालय, रामपुर में जमा करनी होगी। नीलामी समाप्ति के बाद धरोहर जमा धनराशि वापस कर दी जायेगी। ठेकेदार द्वारा निष्प्रयोज्य ओवर हैड टैंक एंव टयूबवैल का मलबा आदि 03 दिवस के भीतर लेकर जाना सुनिश्चित करते हुए जगह को खाली करना होगा।

**पुलिस अधीक्षक**
**रामपुर**

**कार्यशाला** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में तनाव प्रबंधन की दी जानकारी

# सुखद जीवन के लिए स्वयं में विश्वास करना जरूरी

संवाददाता, गजरौला


मां सरस्वती के चित्र के समक्ष नमन करते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बुधवार को तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। जिसमें मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय के वरिष्ठ निदेशक एवं विख्यात लाइफ कोच मनीष प्रताप सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं छात्र- छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति पाने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सुखद जीवन जीने के सिद्धांतों को समझाया।

बुधवार को श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सीवी रमन सभागार में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि रेल मंत्रालय के निदेशक मनीष प्रताप सिंह, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व में दो-तिहाई लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी तनाव एवं अवसाद से ग्रस्त है, जिसका मूल कारण अपने ऊपर कम विश्वास एवं दूसरों से उम्मीद अधिक हैं। हमने अपनी खुशियां दूसरों में तलाशनी शुरू कर दी है। जब हमारी दूसरों से की गईं उम्मीदें पूरी नहीं होती है, तो हम तनाव एवं अवसाद में चले जाते है। उन्होंने सुखद जीवन के लिए स्वयं में विश्वास, समय प्रबन्धन जीवन के प्रति सकारात्मक नजरियां एवं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जरूरतों के मुताबिक स्वयं को अपग्रेड करने का मूलमन्त्र सिखाया। ध्यान (मेडिटेशन) को तनावमुक्ति का सबसे बड़ा टूल करार देते हुए सभी से इसको अपनाने की अपील की। राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर आरएस शर्मा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, डीन विम्स डा. संजीव भट्ट, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. सर्बानंद साहू, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश गुसाई, मारूफ चौधरी, तरुण काम्बोज, विशाल शर्मा, राजीव सिंह, डॉ. एलएस रावत, प्रशांत दहिया, प्रताप चौधरी, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस को बिना सवारियों के मार्ग पर दौड़ने पर होगी कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार** : रोडवेज बस को बिना सवारी के मार्ग पर दौड़ने का मामला प्रकाश में आने पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने परिचालक और चालक को चेतावनी दी है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा है कि 15 सवारियों से कम पर बस को मार्ग पर न चलाया जाए।

क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि रोडवेज के चालक-परिचालक कम सवारी लेकर ही बसों को मार्ग पर दौड़ते हैं। रास्ते में मिलने वाली सवारियों को बस में बैठाते तक नहीं है। इससे परिवहन निगम को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने रोडवेज के चालक-परिचालकों को निर्देश दिए हैं कि बस अड्डे से 15 से कम सवारी लेकर बस को मार्ग पर न चलें और चले तो रास्ते में मिलने वाली सवारी को बैठाएं। उन्होंने कहा कि कम सवारी होने पर चालक-परिचालक के खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। नुकसान की भरपाई चालक-परिचालक के वेतन से पूरी की जा सकती है। सहायक प्रबंधक ने बताया कि चेकिंग के दौरान दिल्ली से अमरोहा आने वाली रोडवेज की बस में मात्र पांच सवारी मिलीं और इन सवारियों के किराये से बस के तेल का खर्च भी नहीं निकल सका। चालक परिचालक ने रास्ते में मिलने वाली सवारियों को बस में नहीं बैठाया। जबकि शासन के निर्देश हैं कि रास्ते में मिलने वाली सवारी को रोडवेज की बस रोककर बैठाया जाए।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री संयम सिंह** द्वारा **संस्था श्री बालाजी धाम आश्रम सेवा समिति, ग्राम सिमथला तह० हसनपुर, जिला अमरोहा** का **महासचिव** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. संयम सिंह- महासचिव, 2. अरूण कुमार- उपाध्यक्ष, 3. कावेन्द्र शर्मा- उपाध्यक्ष, 4. रॉकी त्यागी- उपाध्यक्ष, 5. रवि त्यागी- वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 6. दीपक- मीडिया प्रभारी, 7. ओमवीर सिंह, 8. ओमपाल, 9. अंशू, 10. मोनू त्यागी, 11. महेश, 12. राजवीर, 13. कृष्ण कुमार, 14. राजपाल, 15. सुमित कुमार, 16. श्रीपाल सिंह उर्फ बाबा सेवक दास- सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक**

## एक नजर

### बीच बचाव करने पहुंचे युवक को किया घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव बादल गुबंद निवासी फैजान का चचेरा भाई चालक नाजिम बुधवार को गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे पर ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली पीछे हटा रहा था। आरोप है कि किसी बात को लेकर भट्ठे से ईंटें निकाल रहा मजदूर नाजिम के साथ गाली गलौज करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। नाजिम को बचाने पहुंचा फैजान के साथ भी मारपीट की और सिर में ईंट मारकर फैजान को घायल कर दिया। परिजन फैजान को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

### महिला ने सास व देवर पर लगाया मारपीट का आरोप

गुन्नौर अमृत विचार : कस्बे के मुहल्ला सराय निवासी खुशनबी पत्नी वसीम ने सास, देवर समेत कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। खुशनबी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बुधवार को पति वसीम घर पर नहीं था और उसका का बेटा पतंग मांग रहा था। पीड़िता के पास पैसे न होने पर उसने अपने देवर नदीम से बच्चे को पतंग दिलाने के लिए कहा तो नदीम ताने मारते हुए गाली गलौज करने लगा। खुशनबी ने विरोध किया तो नदीम, सास आयदा आदि ने मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

संभल/असमोली, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी गिरिराज किशोर बुधवार को स्कूटी पर सवार होकर अमरोहा से आ रहा था। गांव असमोली में पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे गिरिराज सड़क पर गिरकर घायल हो गया और मौका मिलते ही टक्कर मारने के बाद चालक बाइक छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर गिरिराज किशोर को उपचार के लिए ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन हालत गंभीर होने पर उपचार कराने गिरिराज किशोर को लेकर मुरादाबाद निजी अस्पताल चले गए।

## हिंदू बहुल क्षेत्र के बूथों पर कम हुआ मतदान

चन्दौसी, अमृत विचार: मतदान आरंभ होने से समाप्त होने तक मतदान का प्रतिशत कम नजर आया। जबकि हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में कम तो मुस्लिम बूथों पर मतदान ज्यादा हुआ। जिससे भाजपा प्रत्याशी को नुकसान होता नजर आ रहा है।

मंगलवार को हुए मतदान प्रतिशत कम रहा। दोपहर को अधिकांश मतदान केंद्रों पर सन्नाटा व इक्का-दुक्का लोग नजर आए। शहरी क्षेत्र में हिंदु बहुल मतदान केंद्रों पर लोगों ने वोट डालने में रुचि नहीं दिखाई। जिससे बीएमजी इंटर कॉलेज, एसएम इंटर कॉलेज, एसएम कॉलेज आदि केंद्रों का प्रतिशत कम बताया जा रहा है । जबकि मुस्लिम बहुल क्षेत्र के एफआर इंटर कॉलेज में आठ बूथों पर वोट डालने वाले मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी रही।

### संभल लोकसभा सीट पर किसी क्षेत्र में मजबूती तो कहीं कमजोरी आ रही सामने

# प्रत्याशियों ने हार-जीत को लेकर लगाया गुणा भाग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान हो गया तो अब प्रत्याशी, कार्यकर्ता और पदाधिकारी हार जीत को लेकर गुणा भाग में जुट गए। बुधवार को प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं के साथ इस बात को लेकर चर्चा की कि उनके पक्ष में कितना मतदान हुआ। किसी क्षेत्र में मजबूती सामने आई तो कहीं कमजोर रहने का कारण भी समझ में आया। हालांकि प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित मानकर चल रहे हैं। अब मतगणना के दिन का इंतजार है।

संभल लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी हैं। इनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और निर्दलीय प्रत्याशी हैं। लोकसभा सीट पर मंगलवार को वोटिंग हुई। प्रत्याशी, कार्यकर्ता और समर्थकों ने भागदौड़ में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके बावजूद 62.81 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद ईवीएम मशीनें बहजोई के यूपी स्टेट वेयर हाउस में कड़ी सुरक्षा और निगरानी में रखवा दी गईं। बुधवार को प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं ने मतदान के आंकड़े को लेकर हार जीत को लेकर मंथन शुरू कर दिया। प्रत्याशियों ने जानकारी ली कि किस क्षेत्र में उनके पक्ष में कितना मतदान हुआ और किस क्षेत्र में उम्मीद के मुताबिक वोट नहीं मिले।

पक्ष में हुए मतदान को लेकर गुणा भाग लगाते हुए जीत का आकलन किया गया। प्रत्याशी काफी समय तक कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच रहे। जीत को लेकर दावा भी किया। वहीं काफी समय के बाद परिवार के साथ भी वक्त बिताया। प्रत्याशियों के उत्साहित समर्थकों में भी चाय की दुकानों, होटलों, ढाबों, सैलूनों पर मतदान और जीत को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

### प्रत्याशियों की हार-जीत पर शुरु हुई चर्चा

चन्दौसी, अमृत विचार : मतदान के बाद अब हार-जीत पर चर्चा शुरू हो गई है। लोग अपने-अपने आंकड़े पेश कर अपने प्रत्याशी की जीत की भविष्य वाणी कर हैं। बुधवार को पूरे दिन गली-मोहल्लों की दुकानों पर यही चर्चा आम रही। लोगों ने हार-जीत पर शर्त लगानी भी शुरू कर दी हैं।संभल लोकसभा सीट पर सपा व भाजपा के बीच मुकाबला माना जा रहा है। जिसमें सपा से जिया उर्रहमान बर्क व भाजपा से परमेश्वर लाल सैनी चुनाव मैदान में हैं। बुधवार से शहर के गली-मोहल्लों में दुकानों व चौराहों पर हार-जीत की चर्चा हो रही है। वैसे तो चार जून को मतगणना के बाद ही हकीकत सामने आ सकेगी कि किसका प्रत्याशी जीता और कौन हारा।



सीतापुर जाने वाले पुलिसकर्मियों को रवाना करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

## अब संभल पुलिस सीतापुर में मतदान कराने को रवाना

संवाददाता,बहजोई

- एसपी ने 751 पुलिसकर्मियों की बस को दिखाई झंडी

अमृत विचार:अपने जनपद में सकुशल निष्पक्ष में शांतिपूर्ण मतदान कराने के बाद जनपद संभल के 751 पुलिसकर्मी सीतापुर में मतदान कराने के लिए रवाना हो गए। पुलिसकर्मियों को एसपी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने चुनाव को लेकर उन्हें उनके दायित्व के बारे में बताया। वहीं निष्पक्ष चुनाव कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

संभल जिले में चुनाव संपन्न करने के बाद संभल पुलिस के जवानों को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस ब्रीफिंग में सीतापुर जनपद रवाना होने से पहले पुलिस कर्मियों को उनके दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी वहां निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम देंगे। कोई भी ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवालिया निशान कोई भी व्यक्ति उठा सके। एसपी ने कहा कि संभल पुलिस ने अब तक हुए चुनाव के चरणों में अपनी सक्रिय रूप से निष्पक्षता के साथ कर्तव्य का निर्वहन किया है। इसी तरह इस चक्र में भी वह चुनाव करने जाएं। पुलिस अधीक्षक में सात बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद के 751 पुलिसकर्मी जनपद सीतापुर में चुनाव कराने के लिए रवाना किए गए हैं। इस दौरान एएसपी श्रीश्चंद, सीओ चंदौसी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व सीओ लाइन गणेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# घर से नकदी व जेवर चोरी, आंगन में सो रही महिला के कुंडल भी खींचे

### गांव हाजीपुर में दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने तीन आलमारियों के ताले तोड़े

संवाददाता, मनोटा/ओबरी

- महिला ने एक चोर का हाथ पकड़ लिया लेकिन वह भाग निकला
- ग्रामीणों को जेवरों के खाली बॉक्स जंगल में पड़े मिले

अमृत विचार: ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने तीन आलमारियों का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी कर लिए। जाते जाते चोर आंगन में सो रही महिला के कानों के कुंडल खींचने लगे। जिससे महिला की चीख निकल गई। महिला ने एक चोर का हाथ पकड़ लिया। जिसके बाद चोर हाथ छुड़ाकर भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर उर्फ हैदरपुर निवासी आरिफ मंगलवार की रात पत्नी असाबी व बच्चों सहित घर के आंगन में सो रहा था। रात एक बजे चाहरदीवारी फांदकर चोर घर में घुस आए और अलग अलग कमरों की रखी तीन आलमारियों का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर व 70000 रुपये चोरी कर लिए। कमरे से निकलकर बाहर आए चोरों ने आंगन में चारपाई पर सो रही असाबी के कानों के कुंडल खींचने लगे। जिससे असाबी की चीख निकल गई और कुंडल खींच रहे चोर का असाबी ने हाथ पकड़ लिया।

चीख पुकार को सुनकर आरिफ व मुहल्ला के आसपास के लोगों की भी आंख खुल गई। जिसके बाद आरिफ को धमकी देते हुए चोर भाग गए।

बुधवार की सुबह ग्रामीणों को जेवरों के खाली बॉक्स जंगल में पड़े हुए मिले। तहरीर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। आरिफ ने बताया कि पहचान होने पर एक चोर के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

### बदमाश ने सोती महिला के कानों से खींचे कुंडल, हुई घायल

संभल/ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बदमाश ने घर में घुसकर सो रही महिला के कानों से कुंडल खींच लिए। जिससे दोनों कान फटने से महिला घायल हो गए। शोर मचाने पर जागे मजदूर ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग गया। घायल महिला का उपचार शुरू कराया है। पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी गई।थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू निवासी मजदूर नूरहसन का घर ओबरी-खासपुर मार्ग पर सड़क किनारे है। मंगलवार को रात नूर हसन की पत्नी शमा परवीन घर के बरामदे में सो रही थी जबकि नूर हसन बराबर में चारपाई पर सोया हुआ था। देर रात बदमाश घर में घुसा और शमा परवीन के कानों से कुंडल खींच लिए। जिससे शमा परवीन के दोनों कान फट गए। उसने शोर मचाया तो नींद से जागे नूरहसन ने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह चकमा देकर भाग गया। बुधवार को सुबह होने पर परिजन घायल शमा परवीन को गांव ओबरी में डॉक्टर के पास ले गए। वहां कानों में तीन-तीन टांके लगाते हुए उपचार किया गया। घटना की जानकारी होने पर नूर हसन के घर पर भी ग्रामीण जुटे रहे और शमा परवीन का हाल जाना। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।



पीड़ित महिला शमा परवीन।

## घरेलू विवाद के चलते फंदे पर लटका युवक, हुई मौत

संभल/सौंधन, अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

एक गांव निवासी 25 वर्षीय युवक का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार को रात युवक बरामदे में परिजनों के साथ सो रहा था। रात दस बजे के आसपास युवक चारपाई से उठकर कमरे में पहुंचा और छत में लगे लोहे के कुंदे में बांधकर रस्सी के फंदे पर झूल गया। जिससे युवक की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर बरामदे में सो रहे परिजनों की आंख खुल गई। कमरे में पहुंचकर परिजनों ने फंदा खोल कर युवक को नीचे उतारा और आनन फानन में उपचार के लिए संभल लेकर आ रहे थे। कि रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे और बुधवार की सुबह बिना पुलिस को बताए युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सार-संक्षेप

### किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संभल, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण को अपनी 15 वर्षीय पुत्री की मंगलवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार की सुबह किशोरी की मौत होने की बात जैसे ही गांव में फैली। वैसे वैसे ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मृतक किशोरी के गले पर दुपट्टे से ढ़के निशान दिखाई देने के बाद थोड़ी ही देर में एक चर्चा आम हो गई। कि प्रेमी से बात करने का पता चलने परिजनों ने गले में फंदा कसकर किशोरी की हत्या की है। जबकि परिजनों का कहना है कि किशोरी को चार पांच दिन से बुखार आ रहा था। मंगलवार की रात किशोरी की तबीयत बिगड़ गई थी और बुधवार को इससे पहले इलाज कराने डॉक्टर के पास लेकर जाते कि रात को ही किशोरी की मौत हो गई।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष के साथ मारपीट ,सपाइयों पर आरोप

गुन्नौर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव नदरौली में मंगलवार को मतदान संपन्न होने के बाद घर लौट रहे भाजपा बूथ अध्यक्ष के साथ रास्ता रोक कर मारपीट की गयी। बुधवार को बूथ अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं से मिलकर घटनाक्रम की जानकारी दी। आरोपी सपा समर्थक बताए जा रहे हैं। गांव नदरौली निवासी रतन सिंह भाजपा का बूथ अध्यक्ष है। मंगलवार को वह अपने गांव के बूथ संख्या 310 पर मतदान एजेंट भी था। बताया गया है कि मतदान निपटने के बाद रतन सिंह मतदान केंद्र से घर लौट रहा था। आरोप है गांव निवासी चंद्रपाल पुत्र रघुनाथ और उसके दो बेटों ने रास्ते में रोककर मारपीट की। उसे जमीन पर गिराकर पिता पुत्रों ने लाठी डंडे बरसाए। पीड़ित रतन सिंह का कहना है कि वह मतदान के दिन बूथ नंबर 310 पर एजेंट था इस बूथ का अध्यक्ष भी है। कुछ समाजवादी कार्यकर्ता फर्जी वोट डालने का प्रयास कर रहे थे जिसका उसने विरोध किया था। इसी बात पर गांव निवासी चंद्रपाल पुत्र रघुनाथ व उसके बेटे रामविरेश व बिंटू ने मतदान समाप्त होने के बाद लगभग 7 :30 बजे रास्ते में मारपीट की। इस मामले में गुन्नौर कोतवाली में तहरीर देने के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं को जानकारी दी गई है।

### सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने पर दी तहरीर

चन्दौसी, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यकर्ता व आंबेडकर सेवा दल के जिलाध्यक्ष के विरुद्ध टिप्पणी की है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पंचशील कॉलोनी निवासी सूर्यजीत सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा कि वह भाजपा कार्यकर्ता के साथ आंबेडकर सेवा दल में जिलाध्यक्ष भी है। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर घर के पास रहने वाले युवक ने टिप्पणी कर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने की जानकारी सूर्यजीत सिंह के परिचित ने दी।

### बस संचालकों में मारपीट ,परिचालक घायल

संभल, अमृत विचार : दो दिन पहले तय समय से एक मिनट देर से निजी बस स्टैंड से बस बाहर निकालने को लेकर हुई कहासुनी व गाली गलौज में बुधवार को दूसरी बस के चालक ने अपने साले के साथ मिलकर परिचालक के साथ मारपीट की और किसी लोहे की चीज से हमला कर घायल कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित प्राइवेट बस स्टैंड से सोमवार को सवारी चंदौसी पहुंचाने के लिए चालक निजी बस लेकर तय समय से एक मिनट देर से संभल से चंदौसी के लिए गांव नरौली निवासी परिचालक परवेज के साथ रवाना हुआ। आरोप है कि बस स्टैंड से एक मिनट देर से बस निकालने को लेकर सरायतरीन निवासी दूसरी बस के चालक व परवेज के बीच गाली गलौज हो गई। मंगलवार को लोकसभा चुनाव होने से निजी बसों का संचालन बंद था। बुधवार की सुबह 11 बजे परवेज जैसे ही चंदौसी बस स्टैंड पर पहुंचा यहां पहले से मौजूद दूसरी बस के चालक ने अपने साले के साथ मिलकर परवेज के साथ मारपीट करने लगा। किसी लोहे की चीज से हमलाकर साले बहनोई ने परवेज को घायल कर दिया।

# चुनाव की भाग दौड़ के बाद भाजपा प्रत्याशी ने परिवार संग बिताया दिन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मंगलवार को चुनाव के बाद प्रत्याशियों ने राहत की सांस ली है। वहीं बुधवार को भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने अपने परिवार के साथ दिन बिताया। वहीं करीबियों के आने जाने का सिलसिला भी चलता रहा। भाजपा कार्यालय में गिने चुने कार्यकर्ता ही चुनाव चर्चा करते दिखे। टिकट मिलने के बाद से ही भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी भी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की तैयारी में जुट गए। मतदाताओं को लुभाने के लिए गांव-गांव दौरा चलता रहा।

मंगलवार को चुनाव बाद बुधवार को भाजपा प्रत्याशी बहजोई रोड स्थित संजीवनी वाटिका में अपने आवास पर परिवार के साथ नजर आए। पत्नी संतोष देवी समेत बेटे जेपी सैनी और कमल सैनी आदि के बीच बैठ कर गुफ्तगू की। उधर गोशाला रोड स्थित उनके चुनाव कार्यालय पर भी सन्नाटा नजर आया। इक्का दुक्का कार्यकर्ता ही नजर आए।



परिवार के साथ समय बिताते भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी। ● अमृत विचार

- करीबियों के आने जाने का सिलसिला भी चलता रहा
- भाजपा कार्यालय में गिने चुने लोग ही चुनाव चर्चा करते दिखे

## किसान की झोपड़ी में आग से हजारों का सामान जला

संभल/जुनावई, अमृत विचार :जुनावई थाना क्षेत्र में किसान के झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से भूसे का बौंगा, ट्राली, पंपसेट सेट आदि जलने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी चौब सिंह पुत्र किशोरी की गांव के पास में ही झोपड़ी है। झोपड़ी में बुधवार को अचानक आग लग गई। आग फैली तो पास में ही भूसे के बौंगे, उपलों, ट्रैक्टर की ट्राली और पंपसेट को भी चपेट में ले लिया। आग लगी देखकर आसपास से ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणें ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से भूसे का बौंगा, पंपसेट के अलावा ट्राली के पहिये भी जल गए और हजारों रुपये का नुकसान हुआ।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र पाल के योगदान को याद रखेंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- भाकियू टिकैत ने किसान नेता को पुण्यतिथि पर किया याद

अमृत विचार :भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह की 13वीं पुण्यतिथि मनाई। उनके जीवन पर प्रकाश डालकर संघर्ष को याद किया।

रम्पुरा बिजली घर पर भाकियू टिकैत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और किसानों के लिए दिए उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि योगेंद्र पाल सिंह ने गांव सिंहपुरसानी, सहेलिया, ढक्का, सलखना, रुस्तमपुर नियावली आदि में बिजली घर लगवाने, रम्पुरा बिजलीघर की लाइन बनवाने, ढबारसी, रम्पुरा, ऐंचौड़ा कम्बोह बिजलीघरों की क्षमता वृद्धि कराने, मध्य गंगा नहर में किसानों को अधिक मुआवजा दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने मुरादाबाद मंडल के किसानों के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाया। वह बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के बहुत करीबी थे। क्षेत्र के किसान हमेशा उनके योगदान को याद रखेंगे। इस बीच अच्छा कार्य करने के लिए रम्पुरा बिजलीघर पर तैनात जेई नवीन कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा संसार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र सिंह, गिरीराज, राजकुमार, भोले, वेद कुमार, अकरम अहमद, फरमान हुसैन, रुमाल सिंह, मनपाल यादव, चंद्रपाल, सोनू चाहल, महेश यादव, विक्रम सिंह, बुद्ध सिंह ने भी योगेंद्र पाल सिंह के जीवन पर प्रकाश डालकर कार्यों की सराहना की।

**चुनाव** | टू लेयर की सुरक्षा में रखी गईं ईवीएम,अधिकृत लोगों को ही दिया जा रहा प्रवेश

# ईवीएम की सुरक्षा में जवान मुस्तैद, उम्मीदवार भी हैं सक्रिय

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव होने के बाद स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम मशीन रखी गई है। जहां बाहरी सुरक्षा संभल पुलिस को दी गई है तो ईवीएम स्ट्रांग रूम की अंदरूनी सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथ दी गई है। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है कि परिंदा भी पंख न मार पाए। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से ईवीएम मशीनों की निगरानी की जा रही है।

संभल लोकसभा की असमोली, संभल, चंदौसी व बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा के 1648 बूथों पर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी विधानसभा के अलग-अलग स्ट्रांग रूम पर कक्ष बनाए गए। जिन पर विधानसभा वार ईवीएम मशीन रखी गई हैं। प्रत्येक कक्षा के बाहर अंदर की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात 24 घंटे सशस्त्र केंद्रीय बल के जवान ईवीएम की सुरक्षा कर रहे हैं। वहां पर केवल जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकृत अधिकारी ही जा पा रहे हैं। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। बाहरी सुरक्षा के लिए संभल पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। जहां वह स्ट्रांग रूम के दरवाजे पर अधिकृत कर्मचारी व अधिकारी को ही प्रवेश दे रहे हैं। जो अधिकारी कर्मचारी अंदर जा रहे हैं उनके आईडी कार्ड देख कर ही आगे जाने देते हैं। उधर 24 घंटे चारों विधानसभाओं के कक्ष पर सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं जो 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो पैनी नजर रख रहे हैं। मतगणना तक यह ईवीएम मशीन केंद्रीय बलों की सुरक्षा घेरे में रहेंगी।



ईवीएम स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार पर मुस्तैद पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### सपा पदाधिकारियों ने भी लगाया निगरानी कैंप

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई में ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों ने भी अपना निगरानी कैंप लगा दिया है। संभल लोकसभा क्षेत्र के साथ ही बदायूं लोकसभा सीट के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता चौबीस घंटे इस कैंप पर मौजूद रहकर ईवीएम की निगरानी कर रहे हैं। गुन्नौर के सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि हम किसी तरह का कोई रिस्क नहीं ले सकते। मतगणना तक इसी तरह स्ट्रांग रूम के बाहर मौजूद रहकर ईवीएम की सुरक्षा करेंगे।

## मारुति वैन की टक्कर से बाइक सवार घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र कि बिचेटा चौराहा पर बाइक सवार को सामने से आ रही वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दुकानदार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैन से ही युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास निवासी नवरत्न पुत्र नरेश सिंह ने जनपद बदायूं के फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दूनपुर में पाइप की दुकान है। शाम छह बजे युवक दुकान बंद करके बाइक से अपने घर लौट रहा था। शाम साढ़े छह बजे बाइक सवार युवक थाना क्षेत्र के बिचेटा चौराहा के पास पहुंचा तो सामने से आ रही मारुति वैन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और वैन चालक को पकड़ लिया।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

संभल/रजपुरा, अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में दीवार फांदकर घर में घुसे ग्रामीण ने सोती महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो ग्रामीण भाग गया। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा किमंगलवार को देर रात गांव का ही एक ग्रामीण उसके पति को अपने साथ ले गया और शराब पिलाने के बाद रास्ते में कहीं छोड़ आया। देर रात वह ग्रामीण दीवार कूदकर घर में घुस आया। आरोप है कि ग्रामीण ने सो रही महिला को दबोच लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके से भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES
(All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING
M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM
English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# संभल के कई बूथों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा पोलिंग

## दर्जनों बूथों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा किया मतदान, 70 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले भी दर्जनों बूथ रहे

भीष्म सिंह देवल/गौरव वर्मा, संभल

**अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व में वोट देने के लिए संभल विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया। कई मतदान बूथों पर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ तो 70 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले भी दर्जनों बूथ रहे। खास बात यह भी है कि महिलाओं में मताधिकार का जमकर प्रयोग किया।

लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को हुए मतदान के बाद संभल विधानसभा क्षेत्र में जो तस्वीर सामने आई है उससे साफ है कि मतदाताओं में मतदान को लेकर किस तरह का उत्साह रहा। प्राथमिक विद्यालय सीडलमाफी बूथ 6 पर 81.30 प्रतिशत, कम्पोजिट विद्यालय खाबरी भोला बूथ 22 पर 80.13 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट बहाउद्दीनपुर बूथ 47 पर 80.25 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटौनी बूथ 113 पर 80.72 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय चिमियावली बूथ 123 पर 82.38 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय दहेली बूथ 150 पर 80.41 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडलाई बूथ 194 पर 81.35 प्रतिशत, पंचायत घर हल्लू सराय बूथ 298 पर 81.35 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं 75 प्रतिशत मतदान वाले भी दर्जनों बूथ सामने आए। इनमें ग्राम पंचायत सचिवालय मछारी बूथ 8 पर 75.06 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय सेवापुर पदारथपुर बूथ 9 पर 77.96 प्रतिशत, कम्पोजिट विद्यालय कमालपुर काफूरपुर बूथ 20 पर 78.94 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर चमारान बूथ 24 पर 77.99 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर चमारान बूथ 25 पर 76.53 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय सैंधरी बूथ 34 पर 76.86 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय मऊ बूथ 97 पर 75.43 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय ईसापुर सानी बूथ 99 पर 76.26 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय धीमरखेड़ी बूथ 117 पर 78.63 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय सहरिया अब्दालनगर बूथ 137 पर 75 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर सराय बूथ 148 पर 78.82 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय सिहोरी बूथ 162 पर 78.83 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय शेर खां सराय बूथ 174 पर 79.36 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय शहजादी सराय बूथ 181 पर 75.27 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय सदीरनपुर बूथ 186 पर 79.94 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय नाहरठेर बूथ 187 पर 77.79 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय नाहरठेर बूथ 188 पर 76.73 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय खानपुर खुम्मार बूथ 192 पर 76.97 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडलाई बूथ 193 पर 77.57 प्रतिशत, उच्च प्राथमिक विद्यालय लोधी सराय बूथ 197 पर 75.10 प्रतिशत, मिशन इंटरनेशनल लाडम सराय बूथ 290 पर 76.38 प्रतिशत, बालक प्राथमिक विद्यालय हयातनगर बूथ 326 पर 75.11 प्रतिशत, उवैस जूनियर हाईस्कूल बूथ 370 पर 76.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

### 70 प्रतिशत से अधिक इन बूथों पर हुआ मतदान

संभल अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय सीडलमाफी बूथ 5, प्राथमिक विद्यालय खेमपुर बूथ 10, प्राथमिक विद्यालय भैंसोड़ा बूथ 11, प्राथमिक विद्यालय ढाक शहीद बूथ 13, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुमसानी बूथ 16, कम्पोजिट विद्यालय कमालपुर बूथ 19, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर चमारान बूथ 23, प्राथमिक विद्यालय फतेहउल्ला गंज बूथ 27, प्राथमिक विद्यालय सैंधरी बूथ 32, प्राथमिक विद्यालय सैदपुर जयराम बूथ 35, प्राथमिक विद्यालय हरथला बूथ 42, प्राथमिक विद्यालय मोमनपुर कढ़ेरा बूथ 52, प्राथमिक विद्यालय मुकर्रबपुर बूथ 54, प्राथमिक विद्यालय बैटला बूथ 57, प्राथमिक विद्यालय रजाकपुर बूथ 59, प्राथमिक विद्यालय हंडालपुर बूथ 94, प्राथमिक विद्यालय तिमनपुर बूथ 103, प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर बूथ 106, उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलसिंहा बूथ 107, उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलसिंहा बूथ 108, प्राथमिक विद्यालय अढौला माफी बूथ 127, प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर टांडा बूथ 144, प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर बूथ 153, प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर सराय बूथ 154, प्राथमिक विद्यालय शहजादी सराय बूथ 180, प्राथमिक विद्यालय मबई ठाकरान बूथ 184, प्राथमिक विद्यालय पल्था बूथ 189, प्राथमिक विद्यालय नीमखेड़ा बझेड़ा बूथ 190, प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर इम्मा बूथ 199, उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर इम्मा बूथ 200, कृषि प्रसार हातिम सराय बूथ 245, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बूथ 256, बाल विद्या मंदिर बूथ 274, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल हल्लू सराय बूथ 300, जियाउल उलूम पक्का बाग बूथ 363 पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ।

## एक नजर

### मारपीट में दो महिलाओं सहित तीन घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन निवासी धर्मेंद्र ने बुधवार को अचानक से ईंट उठाकर गांव में ही दावत खाकर रिंकू की ओर को फेक दी। पैर में ईंट लगने की वजह से रिंकू व धर्मेंद्र में गाली गलौज होने लगी। सूचना मिलने पर रिंकू व धर्मेंद्र के अन्य परिजन भी मौके पर आ गए और जमकर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। जिसमें रिंकू व धर्मेंद्र पक्ष से सतीश की पत्नी वीरवती व ऋषिपाल की पत्नी तेजनिया घायल हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने वीरवती, तेजनिया व रिंकू का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### जेठ पर लगाया घर में घुस कर छेड़छाड़ का आरोप

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर घर में घुस कर छेड़छाड़ करने व धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका जेठ व जेठ का लड़का उसे व उसके पति को आए दिन गाली देते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि महिला का जेठ उस पर गलत नजर रखता है। इसके चलते बुधवार को उसका पति काम पर गया था। वह घर में अकेली थी। उसे घर में अकेला पाकर उसका जेठ घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा। वह किसी तरह जेठ के चंगुल से छूट कर घर के बाहर आ गई और शोर मचा दिया। जिससे आरोपी जेठ जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला।

### श्री ब्राह्मण सभा की बैठक में शोभायात्रा को लेकर चर्चा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन गणेश कॉलोनी में किया गया। जिसमें 10 मई को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा को धूमधाम से निकालने को लेकर विचार-विमर्श किया गया और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान गुरुदत्त शर्मा, विनोद पाराशरी, श्याम भारद्वाज, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, विश्वेश्वर शर्मा, अमित किशोर शर्मा, अमन शंखधार, रामकिशोर, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा सवार घायल

संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर मनोटा पुल के पास हुई दो बाइकों की भिड़ंत में मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक का सवार घायल हो गया। गनीमत रही कि मजदूर की चार वर्षीय बच्ची इस हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गई।



मुनकाद अली की फाइल फोटो।

ऐचोड़ा कंबोह थाना थाना क्षेत्र के गांव अशरफपुर निवासी इमजदूर मुनकाद अली 35 वर्ष बुधवार की शाम साढ़े चार बजे अपनी चार वर्षीय बेटी अलशिफा के साथ बाइक से थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी साली के घर रह रही पत्नी भूरी को बुलाने जा रहा था। मुनकाद अली बाइक लेकर जैसे ही संभल जोया मार्ग पर गांव मनोटा पुल के पास पहुंचा। सामने से आ रही बाइक ने उस की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मुनकाद अली व पाकबड़ा की ओर से आ रहे नखासा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी सोनू घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मुनकाद अली व सोनू को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मुनकाद अली व सोनू को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने मुनकाद अली को मृत घोषित कर दिया। जबकि सोनू को हायर सेंटर रेफर किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मुनकाद अली का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संभल की महिला की गाजियाबाद में हत्या

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र निवासी युवक और उसकी पत्नी पर गाजियाबाद में कार सवार लोगों ने चाकू से सरेराह हमला किया। हमलावरों ने महिला की हत्या कर दी जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का निजी अस्पताल में उपचार हो रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर डांडा निवासी ललतेश (26 वर्ष) पुत्र कल्यान चार साल से गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रहकर ई रिक्शा चलाने का काम करता है। ललतेश ने एक साल पहले इंदिरापुरम की ज्योति से शादी कर ली थी। मंगलवार को शाम ललतेश और ज्योति मकनपुर से लौट रहे थे तभी कार सवार चार लोगों ने सरेराह चाकुओं से हमला कर दिया। चाकू के वार से ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ललतेश गंभीर रूप से घायल हुआ। वारदात को अंजाम देने के बाद कार सवार लोग भाग गए। घायल ललतेश को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# दो दर्जन से ज्यादा मतदान केंद्रों पर महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ा

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल लोकसभा क्षेत्र की संभल विधानसभा सीट के आंकड़ों पर नजर डालें तो दो दर्जन से ज्यादा केंद्रों पर महिला मतदाताओं ने पुरुषों को पछाड़ा।

प्राथमिक विद्यालय सीडलमाफी बूथ 6 पर 83.18 प्रतिशत महिलाओं और 79.74 प्रतिशत पुरुषों, कम्पोजिट विद्यालय खाबरी भोला बूथ 22 पर 80.31 प्रतिशत महिलाओं और 79.97 प्रतिशत पुरुषों, उच्च प्राथमिक विद्यालय बहाउद्दीनपुर बूथ 47 पर 80.20 प्रतिशत महिलाओं और 80.30 प्रतिशत पुरुषों, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंडलाई बूथ 194 पर 83.24 प्रतिशत महिलाओं और 79.81 प्रतिशत पुरुषों, प्राथमिक विद्यालय सीडलमाफी बूथ 5 पर 77.78 प्रतिशत महिलाओं और 68.04 प्रतिशत पुरुषों, प्राथमिक विद्यालय खेमपुर बूथ 10 पर 74.53 प्रतिशत महिलाओं और 73.51 प्रतिशत पुरुषों, ग्राम सचिवालय गुमसानी बूथ 17 पर 80.82 प्रतिशत महिलाओं और 79.20 प्रतिशत पुरुषों, कम्पोजिट विद्यालय कमालपुर काफूरपुर बूथ 19 पर 73.26 प्रतिशत महिलाओं और 70.31 प्रतिशत पुरुषों, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर बूथ 23 पर 74.76 प्रतिशत महिलाओं और 66.27 प्रतिशत पुरुषों, इसी स्कूल के बूथ 25 पर 77.31 प्रतिशत महिलाओं और 75.90 प्रतिशत पुरुषों, प्राथमिक विद्यालय हरथला बूथ 42 पर 73.53 प्रतिशत महिलाओं और 70.70 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। प्राथमिक विद्यालय सिसौटा बूथ 43 पर 77.75 प्रतिशत महिलाओं और 74.75 प्रतिशत पुरुषों, प्राथमिक विद्यालय बैटला बूथ 57 पर 76.84 प्रतिशत महिलाओं और 66.82 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय अबूनगर बूथ 25 पर 74.79 प्रतिशत महिलाओं और 72.89 प्रतिशत पुरुषों ने वोट दिए।

## सार-संक्षेप

### चार दिन से लापता युवक रहस्यमय ढंग से घर लौटा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के नगला पूर्वा से चार दिन पहले लापता हुआ युवक रहस्यमय ढंग से अपने घर लौट आया। परिजन युवक को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। युवक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं होने व उपचार चलने पर उसे घर भेज दिया। बताया जाता है कि युवक अपनी पत्नी के घर वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाना चाहता था। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी आरिफ 28 वर्ष पुत्र नसरुद्दीन शुक्रवार को अपनी ससुराल गांव नगला पूर्वा थाना कुढ़फतेहगढ़ आया था। दूसरे दिन शनिवार की शाम बाइक से घर चला गया। मगर रविवार की सुबह गांव से एक किलोमीटर दूरी पर नदी के पास युवक की बाइक, कपड़े व अन्य सामान मिला था। जिस पर युवक की गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। वहीं युवक मंगलवार को रहस्यम तरीके से अपने गांव मिर्जापुर घर पहुंच गया। इसके बाद परिजन युवक को लेकर थाने पहुंचे और युवक के सकुशल मिलने की बात कही। थाना प्रभारी संदीप बालियान ने बताया कि युवक का दिमागी संतुलन ठीक नहीं होने के कारण उपचार चल रहा है। युवक के गायब होने के पीछे पत्नी के परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराना उद्देश्य था। युवक दिल्ली जाने की बात कह रहा है। फिलहाल युवक को परिजनों के साथ घर भेज दिया गया है।

### युवक ने पत्नी और साले के साथ की मारपीट

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने पत्नी और साले को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पहलवाड़ा निवासी पंकज का पत्नी कमलेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कमलेश ने सूचना देकर भाई शिशुपाल को ससुराल बुला लिया। इसके बाद शिशुपाल और पंकज में कहासुनी एवं जमकर मारपीट हुई। जिसमें कमलेश और शिशुपाल घायल हो गए। घायल शिशुपाल ने रजपुरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### सगे भाइयों ने की पिता पुत्र के साथ मारपीट

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी प्रेमपाल की पत्नी लीलावती ने बुधवार को थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि दोपहर ढ़ाई बजे मेरे पति प्रेमपाल किसी काम से गांव में जा रहे थे। आरोप लगाया कि गांव की तीन सगे भाई आकर बिना बात के प्रेमपाल को लात घूसों से मारपीट करने लगे। प्रेमपाल को बचाने पहुंचे उसके बेटे शनि के साथ भी सगे भाइयों ने मारपीट की और धमकी देते हुए भाग गए।

### जमीन के विवाद में चचेरे तहेरे भाइयों में मारपीट

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के गांव जनेटा में बुधवार की सुबह जमीन के विवादी में चचेरे-तहेरे भाइयों में मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में उपचार कराया है। तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव जनेटा निवासी मुक्तेयार पुत्र मोहम्मद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने तहेरे भाईयों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे वह ट्रैक्टर लेकर अपनी जमीन जोतने खेत पर गया था। उसी समय मसकूर व अली मोहम्मद पुत्र मोहम्मद निवासी जनेटा खेत पर आ पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर धारदार हथियार से घायल कर दिया।

### वैशाख अमावस्या पर गंगा स्नान कर कमाया पुण्य

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** जिले में वैशाख अमावस्या पर पुण्य लाभ कमाने के लिए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। राजघाट समेत कई गंगा घाटों पर गंगा स्नान करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगा तट हर-हर गंगे उद्घोष से गूंज उठा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण कर धार्मिक अनुष्ठान कराए। बुधवार को वैशाख अमावस्या पर गंगा में स्नान करने के लिए आसपास के गांव देहात के साथ ही दूर दराज के तमाम श्रद्धालु राजघाट गंगा घाट पहुंचे। वैशाख अमावस्या पर गंगा में स्नान करने और दान करने का विशेष महत्व है। घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। इसी के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोर से ही हर हर गंगे के उद्घोष संग गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। स्नान के बाद धार्मिक अनुष्ठान कराए। प्रसाद वितरित किया और पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी। भोर में शुरू हुआ गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। गंगा स्नान के लिए उमड़ी भीड़ के कारण इंदिरा चौक पर जाम के हालात बने रहे। वाहन रेंग-रेंग कर गुजरे। सिसौना डांडा, अनूपशहर, साधु मणि आश्रम, असदपुर आदि गंगा घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य कमाया।

# चन्दौसी बार एसोसिएशन का चुनाव 31 को, एल्डर कमेटी का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- एल्डर कमेटी संरक्षण मंडल एवं चन्दौसी बार एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक में लिए गए कई निर्णय

**अमृत विचारः** एल्डर कमेटी संरक्षण मंडल एवं चन्दौसी बार एसोसिएशन की एक संयुक्त बैठक बुधवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित बार सभागार में हुई। जिसमें एसोसिएशन के आगामी वार्षिक चुनाव 2024-25 के लिए चुनाव कराए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कई निर्णय लिए गए। 31 मई को बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए चुनाव होगा।

बैठक में सदस्यता अभियान शुल्क पर विचार किया गया और निर्णय लिया गया कि सदस्यता शुल्क एकत्रित करने में काफी दिक्कत होती है। अधिवक्ता विभिन्न कारणों से सदस्यता शुल्क जमा नहीं करा पाते हैं। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सदस्य से एक बार में ही वार्षिक सदस्यता शुल्क 200 रुपये ले लिया जाए। सदस्यता शुल्क जमा करने की तिथि 9 से 20 मई तय की गई। निर्णय लिया गया कि 20 मई तक सदस्यता शुल्क जमा करने के बाद ही 21 मई को सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उसी दिन आपत्ति प्राप्त कर उसका निस्तारण कर दिया जाएगा। 23 व 24 मई को एसेसिएशन के बार रुम में सुबह 11 से तीन बजे तक नामांकन कराए जाएंगे। 25 मई को सुबह 11 से अपराह्न तीन बजे तक प्रत्याशियों की नाम वापसी, आपत्ति एवं निस्तारण किया जाएगा। उसके बाद एल्डर कमेटी नामांकन पत्रों की जांच कर उसी दिन चुनाव प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। 31 मई को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बार सभागार में चुनाव होगा।

अंत में एल्डर कमेटी का चयन किया गया। जिसमें अनिल कुमार गुप्ता, मो. सगीर सैफी, शकील वारसी, हरीश कुमार अरोरा, रामप्रकाश शर्मा को शामिल किया गया। ये भी तय किया गया एल्डर कमेटी के साथ चुनाव अधिकारी के रुप में सुरेश कुमार अग्रवाल, कृष्ण औतार शर्मा, नवनीत सिंह यादव आदि अधिवक्ता चुनाव अधिकारी रहेंगे।

बैठक में बार अध्यक्ष राजेश कुमार यादव व सचिव नितिन सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पत्नी की जगह ड्यूटी करने में तीन पर रिपोर्ट, गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

- मतदान के दिन खुद सरकारी दस्तावेज लेकर ड्यूटी कर रहे थे

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान सरकारी दस्तावेज लेकर पत्नी की जगह ड्यूटी करने में सहायक अध्यापक व बीएलओ सहित तीन के पतियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तारी कर लिया है।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी शिक्षा मित्र ऊषा रानी व रेशमा के अलावा सहायक अध्यापक वाजिदा तबस्सुम की ड्यूटी लोकसभा चुनाव के मतदान के समय बीएलओ के रूप में लगी थी। यह तीनों खुद ड्यूटी पर नहीं आई बल्कि ऊषा रानी ने अपने पति अनूप कुमार, वाजिदा तबस्सुम ने अपने पति मुहल्ला दीपासराय निवासी हिफ्जुर्रहमान जबकि रेशमा ने अपने पति सदर कोतवाली क्षेत्र के महल्ला शेरखां सराय निवासी जिया उल हक को ड्यूटी करने भेज दिया। मंगलवार को यह तीनों गले में पत्नी का आईडी कार्ड डालकर खुद ड्यूटी कर रहे थे। उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने मतदान केंद्र पर बीएलओ का कार्ड गले में डालकर महर्षि दयानंद बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में डयूटी कर रहे शिक्षामित्र उषा रानी के पति अनूप कुमार व शिक्षामित्र रेशमा के पति जिया उल हक और आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कालेज से सहायक अध्यापक वाजीदा तुबस्सुम के पति हिफ्जुर्रहमान को हिरासत में ले लिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अनूप कुमार, जिया उल हक व हिफ्जुर्रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### रामसेवक शर्मा के निधन पर शोक जताया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के की एक शोक सभा बुधवार को संयुक्त चिकित्सालय परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में हुई। जिसमें ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रामसेवक शर्मा आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। पिछले 17 वर्षों से ट्रस्ट की सेवा समर्पण को याद किया। इस अवसर पर राघवेंद मोहन मिश्र, केजी शर्मा, डॉ. वाईपी जोशी, डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डॉ. रमाकांत नागर, सुंदरलाल शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश शंखधार, रमेश ग्रेवाल, राकेश चौबे, राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। उधर काव्य कला सेवा समिति की शोक सभा में समिति अध्यक्ष रामसेवक शर्मा के निधन पर दुख प्रकट किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र पाल शर्मा, डॉ. जयशंकर दुबे, श्याम शरण भारद्वाज, डॉ. टीएस पाल, महेश चंद्र उपाध्याय, आदेश शर्मा, नसीम अहमद हाशमी आदि मौजूद रहे। रामसेवक शर्मा श्री नारायण सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षण भी थे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## राहत — लगातार काम के बाद अधिकारियों ने घरों में किया आराम, दफ्तरों में नहीं पहुंचे

# मतदान के बाद अधिकारियों ने उतारी थकान, दफ्तरों में ताले

संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शांति से सम्पन्न हो गया तो अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत महसूस की। सरकारी अमले ने बुधवार को थकान मिटाकर आराम किया। इस हालात में सरकारी कार्यालयों पर ताले लटके नजर आये। बहजोई कलेक्ट्रेट पर कुछ फरियादी आए तो वह दफ्तरों पर ताला लटका देखा वापस लौट गए।

लोकसभा चुनाव को लेकर जैसे ही चुनाव आचार संहिता की घोषणा हुई वैसे ही अधिकारी चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी संपन्न कराने में जुट गए थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने सभी अफसरों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी थीं। लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर जहां जिला स्तरीय अधिकारी भाग दौड़ में लगे रहे तो वहीं तहसील व विकासखंड के अधिकारी भी चुनाव कार्यों में जुटे रहे। अब लोकसभा चुनाव के लिए मतदान मंगलवार को संपन्न हो गया तो बुधवार को अधिकारियों ने आराम कर अपनी महीनों की थकान उतारी। अफसरों के आराम का असर बहजोई कलेक्ट्रेट के दफ्तरों से लेकर तहसीलों और ब्लाक मुख्यालयों पर दिखाई दिया।



बहजोई कलेक्ट्रेट में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार



संभल में बंद पड़ा आपूर्ति कार्यालय। ● अमृत विचार

### कलेक्ट्रेट में पसरा रहा सन्नाटा

**बहजोई, अमृत विचार :** चाहे डीएम का दफ्तर हो चाहे सीडीओ का यहां अधिकारी नहीं आए तो कर्मचारियों ने भी आराम करने का ही सोचा। कलेक्ट्रेट पर पूरे दिन अधिकारियों के दफ्तरों पर ताले लटके मिले तो वहीं कलेक्ट्रेट पर भी सन्नाटा पसरा रहा। कुछ फरियादी कलेक्ट्रेट पर आए भी तो वह दफ्तरों पर लटके ताले को देखकर वापस लौट गये।

### संभल में भी सुनसान रहे सरकारी कार्यालय

**संभल, अमृत विचार :** संभल में भी आपूर्ति कार्यालय सहित तमाम सरकारी कार्यालयों पर ताले लटके दिखाई दिये। कुछ कार्यालय खुले तो वहां इक्का दुक्का ही कर्मचारी नजर आ रहे थे। ग्रामीण इलाके के लोगों को शायद इस बात का एहसास था कि अफसर मतदान की थकान उतार रहे होंगे। इसी के चलते सरकारी दफ्तरों पर फरियाद लेकर आने वाले भी नजर नहीं आये।

# फर्जी मतदान कराने में दो लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** पुलिस ने लोकसभा चुनाव में बाहर रह रहे लोगों के आधार कार्ड से पर्ची बनाकर दूसरे लोगों से मतदान कराने के प्रयास में दो लोगों को हिरासत में ले लिया। तहरीर मिलने पर पुलिस में दोनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार को सूचना मिली। कि थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती खेड़ा में स्थित खलीलुउल्लु मदरसा से आगे पंक्चर की दुकान के पास मुहल्ला शहबाजपुरा खुर्द निवासी मोहम्मद हिलाल बाहर रहे रहे लोगों के आधार कार्ड पर पर्ची बनाकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में रायसत्ती खेड़ा निवासी मोहम्मद हसनेन को मतदान करने के लिए भेज रहा है। मौके पर पहुंचे जितेंद्र कुमार ने दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आधार कार्ड बरामद हुआ।

# पीएम योजना के निर्माणाधीन आवासों को समय से पूरा कराएं : जिलाधिकारी

## नगर निकायों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ दिए कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी, साथ में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की नगर निकाय के कार्यों की समीक्षा हुई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूड़ा सेग्रीगेशन सहित कर करेत्तर, राजस्व की वसूली सम्बन्धित विवरण पत्र, राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निकायों को प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति, कान्हा गो-आश्रय स्थलों से सम्बन्धित विवरण पत्र नगरीय निकायों में नाला सफाई की स्थिति, नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था की स्थिति सहित स्वच्छ भारत मिशन सभी बिंदुओं पर समीक्षा, उक्त के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर छापेमार कार्रवाई करना सुनिश्चित कर उसकी रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी नगर निकाय को करें। उन्होंने पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूड़ा सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्रों में सफाई कार्य, स्ट्रीट लाइट आदि सहित का विवरण मिलान करें। उन्होंने पिछली बैठक में दिए निर्देशों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए समयबद्ध कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मुस्तैद रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नए स्वीकृत आवासों के लिए जमीनी दस्तावेजों संबंधी औपचारिकताएं पूरी करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निकाय ऋण वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य हासिल करना सुनिश्चित करें। जिन लोगों को ऋण वितरण किया जाना बाकी है, उनका आवेदन लेकर शीघ्र ऋण वितरण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कूड़े से उठ रहा धुंआ सांस लेना मुश्किल

**नहटौर, अमृत विचार :** नूरपुर बाइपास मार्ग पर कूड़े के ढेर में रूक-रूक आग लगने से लगातार धुंआ उठ रहा है। इसके बाद भी पालिका अभी भी कुड़ा वहीं पर डाल रही है। मोहल्लेवासियों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

नहटौर-नूरपुर बाइपास मार्ग पर नगर पालिका क्षेत्र का कूड़ा डाल रही है। इस कूड़े के ढेर में दो दिन पहले रात में आग लगने से लगातार धुंआ उठ रहा है। इससे मोहल्ला नौधा दक्षिणी के लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। कई लोग बीमार हो गए हैं और एक वृद्ध की मौत भी हो गई थी। कूड़े के ढेर की आग बुझाने के लिए पालिका की टीम लगी हुई थी। लेकिन दोबारा से आग लग जाने पर धुंआ उठने लगा। जिसके बाद नगर पालिका की टीम दोबारा से पानी के टैंकर लेकर पहुंची और आग को बुझाया। बताया जाता है कि आग अभी भी धधक रही है। इसके वाबजूद पालिका के वाहन कूड़ा डाल रहे हैं। अब कूड़ा नहटौर-नूरपुर बाइपास मार्ग पर सड़क के किनारे डाला जा रहा है। जिससे क्षेत्र में बदबू फैल रही है और बीमारी फैलने की आशंका है।

## एक नजर

### शिविर में आंखों की निशुल्क जांचकर दवा दी

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला मौलवियान में वार्ड सभासद महफूज उर्फ गुड्डे के निवास पर आखों की जांच का शिविर लगाया गया। इसमें सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद के डॉ. राजवीर सिंह, शहनाज, अमरीन ने जरूरतमंदों का निशुल्क उपचार किया। आंखों का ऑप्रेशन निशुल्क किए जाने के लिए जांच की गई। डॉ. आफाक, बुन्दु जाहिद, मतलूब, आजाद, जुबैर, छम्मन, अकरम, जाहिद टेलर, नबील, नौशाद, परवेज, शहजाद, नावेद इकबाल, फैजान, शाकिर, शमशाद रहे।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं ने बनाए सॉफ्ट ड्रिंक

**बिजनौर, अमृत विचार :** केएस चिल्ड्रन अकादमी स्कूल, कोतवाली में बुधवार को सॉफ्ट ड्रिंक बनाने की प्रतियोगिता हुई। सॉफ्ट ड्रिंक प्रतियोगिता में अग्नि सदन ने प्रथम, भूमि सदन ने द्वितीय व जल सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम नम्रता अग्रवाल और कपिल अग्रवाल ने घोषित किए। प्रतियोगिता का आयोजन मानसी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह, शिवानी चौधरी, पारुल मेहरा, रेणुका गौतम और ललिता त्यागी का योगदान रहा।

### छात्रों ने राहगीरों को शरबत पिलाया

**नहटौर, अमृत विचार :** कम्पोजिट विद्यालय नहटौर विकास खण्ड आकू के छात्र-छात्राओं ने कासमपुर लेखराज लाल बाग रोड पर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शफी, सहायक अध्यापक अंकित कुमार तथा उवैस, अजरा, जाह्नवी चन्द्रा, शीनम, नेहा, कृष्णा, आरजू, कशिश शर्मा, आयुष, अबुजर आदि छात्रों ने भाग लिया।

### रालोद युवा के जिला उपाध्यक्ष बने चिरंजीत सिंह

**अमरोहा, अमृत विचार :** चिरंजीत सिंह को रालोद युवा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।



राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन चौहान के अनुमोदन के पश्चात युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इरफान अली ने आवास विकास कॉलोनी के निवासी चिरंजीत सिंह को युवा रालोद का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

## सार संक्षेप

### गुलदार को देखकर राहगीरों में दहशत

**नगीना, अमृत विचार :** मंगलवार रात लगभग 10 बजे नगीना बाइपास रोड स्थित चौधरी डिग्गी पेट्रोल पंप के पास सड़क पार कर रहे गुलदार को देखकर सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व एवन टैंट के मालिक रईस अहमद के परिजनों में दहशत फैल गई। माना जा रहा है कि इसी गुलदार ने सोमवार को मोहल्ला कलालान व काजीसराय बीच आबादी में हनीफ उर्फ भूरे की छत पर बंधे बकरे को निवाला बनाया था। लेकिन वन विभाग के कर्मचारियों ने गुलदार को पकड़ने के लिए अब तक पिंजरे की व्यवस्था नहीं की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गुलदार कभी भी नगीना बाइपास रोड से सटे मोहल्लों व शहरी आबादी से लगे गांव में घटना को अंजाम दे सकता है ।

### दो किलो चरस बरामद, आरोपी का चालान

**नहटौर, अमृत विचार :** मोहल्ला मौलवियान में छापेमार कार्रवाई कर करीब दो किलो चरस मिलने के मामले में पुलिस चरस सप्लाई के तार खंगालने में लगी हुई है। मोहल्ला मौलवियान निवासी शहजाद उर्फ शब्बू के घर पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए दो किलो चरस बरामद की थी। सूचना पर सीओ धामपुर सर्वम सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शब्बू के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। चरस को कहां से लाया गया है। अब पुलिस इसकी जांच में लगी हुई है। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की विवेचना चल रही है।

### विदेश में नौकरी के नाम पर ठगे 7 लाख रुपये

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव डहकवाड़ा में राजपाल सिंह का परिवार रहता है। दो साल पहले उनके बेटे राहुल की मुलाकात उत्तराखंड के काशीपुर निवासी रमनदीप से हुई। उसने बताया कि वह इंग्लैंड में नौकरी करता है और नौकरी भी लगवाता है। इसके बाद राहुल ने रमनदीप और उसके दो साथी अवतार सिंह व दीपक को सात लाख रुपये दे दिए। आरोपी ने फरवरी 2024 में उसे इंग्लैंड भेजने की बात कही और मार्च गुजरने के बाद भी राहुल को वीजा एग्रीमेंट व फ्लाइट का टिकट नहीं मिला। पूछने पर आरोपी टहलाता रहा। जब दबाव बनाया तो तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद पीड़ित ने शिकायती पत्र लेकर कार्रवाई की मांग की। सीओ अंजलि कटारिया ने ने बताया कि मामले में रमनदीप, अवतार सिंह व दीपक वर्मा पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों और विद्यार्थियों की जांच

**बिजनौर, अमृत विचार :** रेड क्रॉस दिवस पर में ब्लॉक हल्दौर के जूनियर हाईस्कूल छोईया नगंली में चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 55 ग्राम वासियों की जांच कर दवाएं दी गईं। वहीं आई कैंप में भी विद्यार्थियों और ग्रामीणों की जांच की गई। जिसमें 28 चश्मों का वितरण भी किया गया। वहीं 20 बच्चों को चश्मे दिए जाने के ऑर्डर दिए गए। इस मौके पर रेड क्रॉस के अध्यक्ष सुबोध शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार मारवाड़ी, राजेंद्र कुमार शर्मा तथा रचना कपूर भी मौजूद रहे। इनके अलावा स्वास्थ्य कैंप में हल्दौर प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के डॉ. उषा सिंह, डॉ. हेमेंद्र सिंह, डॉ. अरविंद तोमर, फार्मासिस्ट विकास सिंह, स्टाफ नर्स नीति, आप्टोमेट्रिस्ट नसीम अहमद, ऑप्टोमेट्रिस्ट अनुराग सिसौदिया तथा एमपीडब्ल्यू विकास शर्मा मौजूद रहे। इस शिविर के संचालन में रेड क्रॉस से जुड़ी स्कूल टीचर रचना कपूर का विशेष सहयोग रहा।

### उपचार के दौरान महिला की मौत, हंगामा

**शेरकोट, अमृत विचार :** मोहल्ला कोटरा निवासी मोहम्मद साजिद ने अपनी 60 वर्षीय मां महमूदा खातून को निजी अस्पताल में रात दो बजे भर्ती कराया था। जहां महमूदा खातून की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद मोहम्मद साजिद ने चिकित्सक पर उनकी मां के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। इसके बाद मृतका के परिजन व ग्रामीण अस्पताल में एकत्र हो गए और हंगामा करने लगे। अस्पताल में हंगामा बढ़ता देख चिकित्सक और कई कर्मचारी अस्पताल छोड़कर निकल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शान्त किया। शेरकोट थाना अध्यक्ष धीरज कुमार नगर का कहना है कि तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति घायल

**नगीना, अमृत विचार :** बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरे बाइक सवार को भी मामूली चोटें आईं। नगीना के मोहल्ला शाह जाहिर निवासी सलीम 58 वर्ष नजीबाबाद से नगीना अपने घर बाइक से आ रहे थे। जब उनकी बाइक नगीना नजीबाबाद मार्ग स्थित रावल खेड़ी फाटक के पास पहुंची तो नगीना की ओर से आ रहे बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इससे उनकी बाइक गिर गई और वह घायल हो गए। हादसे में दूसरा बाइक सवार भी मामूली रूप से घायल था। सूचना मिलते ही घायल के परिजन चिकित्सालय पहुंचे और घायल को बिजनौर उपचार के लिए ले गए।


स्कूल में गौरैया संरक्षण के लिए घोंसला दिखाते छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

### गौरैया के संरक्षण के लिए घोंसला बनाने की पहल

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गौरैया को बचाने के लिए सरकारी स्कूल के शिक्षक ज्ञानेश शर्मा ने अनूठी पहल की है। इसके तहत उन्होंने स्कूल में गौरैया के लिए बच्चों के साथ मिलकर घोंसले बनाएं हैं। गांव रामपुर तागा स्थित संविलियन विद्यालय के शिक्षक ज्ञानेश शर्मा ने स्कूल में गौरैया के लिए घोंसले लगाए हैं। वहीं बच्चों में गौरैया से जुड़ी खास जानकारियां किताबी ज्ञान के साथ प्रायोगिक रूप में भी दी जा रही है। ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने स्कूल में भी गौरैया के लिए कई घोंसले लगा रखे हैं। अब तक शिक्षक व बच्चों द्वारा लगाए 10 से अधिक घोंसलों में गौरैया आशियाना बना चुकी हैं।


महामंडलेश्वर यतींद्र आनंद गिरी व साथ में बैठे अनुयायी। ● अमृत विचार

## 'यह सनातन संस्कृति की सदी'

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** महामंडलेश्वर यतीन्द्र आनन्द गिरि महाराज बुधवार को सर्वेश सैनी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अनुयायियों से भेंट की।

महामंडलेश्वर यतींद्र आनंद गिरी ने कहा कि अब युग बदल रहा है। यह सदी सनातन हिंदू संस्कृति की सदी होगी। इस्कॉन जैसी श्रीकृष्ण भक्ति की संस्था दुनिया भर के लोगों को भगवान कृष्ण की भक्ति और भगवत गीता की ओर मोड़ रही है। सनातन संस्कृति ही सच्चे अर्थों में मानवीय संवेदना और धर्म का मूल है। सनातन हिंदू संस्कृति इंसान को इंसानियत का पाठ पढ़ती है। महामंडलेश्वर ने कहा कि योगी और मोदी दोनों राष्ट्रहित में काम कर रहे हैं। देश की जनता उनके साथ खड़ी है यह चुनाव राष्ट्रभक्ति का चुनाव है। इस मौके पर जिला व्यवस्था प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थ अग्रवाल, रमेश कलाल, हरीश वीर सिंह, मनोज वर्मा, रामकुमार शर्मा, शोराम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## नगर में बिना लाइसेंस नहीं चलेंगी ई-रिक्शा

**नगीना, अमृत विचार :** नगीना की सड़कों पर बिना लाइसेंस की ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। नगीना नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने ई-रिक्शा के चालकों को चेताया है कि यदि 15 दिनों में सभी ई रिक्शा चालकों ने लाइसेंस नगर पालिका में नहीं बनवाए तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नगीना ई रिक्शा यूनियन के नेता बदर मुनीम, करीब 60-70 ई रिक्शा चालकों के साथ ई रिक्शाएं लेकर नगीना नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अधिशासी अधिकारी से इस संबंध में वार्ता की। वार्ता के बाद अधिशासी अधिकारी ने समस्त ई-रिक्शा चालकों को संबोधित कर चेतावनी दी कि शासन की मंशा है कि बिना लाइसेंस कोई भी ई रिक्शा नहीं चलेगी। 15 दिन बाद यदि चेकिंग के दौरान कोई भी ई रिक्शा बिना लाइसेंस के चलती हुई मिली तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## घर में मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, नहटौर

● घर के खर्चे को लेकर दंपती में अक्सर होता था विवाद

**अमृत विचार :** ग्राम बैरमाबाद गढ़ी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को मौत हो गई। महिला के परिजनों ने पति पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी राजीव कुमार पुत्र टेकचंद की शादी 12 वर्ष पहले नींदडू क्षेत्र के गांव चरमपुरी निवासी राजपाल की पुत्री रीना वर्ष के साथ हुई थी। राजीव मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। वह अपने परिवार से काफी समय से अलग रह रहा था। पति और पत्नी में घर के खर्चे को लेकर अक्सर विवाद रहता था। मंगलवार को पति-पत्नी में मोबाइल बेचने को लेकर विवाद हुआ था। बुधवार सुबह राजीव ने अपनी ससुरालियों को रीना की मौत की सूचना दी थी। जिस पर रीना के रिश्तेदार ग्राम प्रधान गोबिंद ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचा। उसने रीना के शव को कमरे में पड़ा देखा और रस्सी व नाखून के निशान देखे। गोबिंद ने महिला के परिजनों व पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर महिला के परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। कोतवाल धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी गांव पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मृतका के चाचा करन ने बताया कि रीना का पति और दहेज की मांग करता रहता था और खर्चे को लेकर विवाद होता रहता था। उसके शराब पीने की आदत से रीना परेशान थी। उसने रीना की गला घोटकर हत्या कर दी। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी।

## लड़कियों से अभद्रता करने पर जेई को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गजरौला

● घर में बिजली की चेकिंग के दौरान जेई पर लगा आरोप

**अमृत विचार :** बिजली की चेकिंग के दौरान जेई को दौड़ाकर पीटने का मामला सामने आया है। महिला ने जेई पर घर में घुसकर सिलाई कर रही लड़कियों से अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं जेई ने उपभोक्ता पर मारपीट करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बिजली विभाग के जेई संतोष कुमार टीम के साथ बुधवार को सलेमपुर गोंसाई गांव में बिजली चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने महीपाल के घर बिजली चेकिंग की। महीपाल की पत्नी लड़कियों से सिलाई कार्य करा रही थी। आरोप है कि वहां सिलाई मशीन घरेलू कनेक्शन से संचालित थीं। इसी बात को देखते हुए जेई वहां वीडियो बनाने लगे। आरोप है कि जेई ने वहां कार्य कर रही लड़कियों से अभद्रता की। जिसे लेकर वहां हंगामा हो गया। लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। महिला ने फोन करके महीपाल को बुला लिया। महीपाल व जेई के बीच नोंकझोक होने लगी। आरोप है कि महीपाल ने जेई से मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। जेई भी वहां से भाग निकले। महीपाल ने पीछा कर उन्हें फिर से पीटा। स्टाफ के अन्य लोग भी वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तबतक मामला शांत हो गया था। पुलिस ग्रामीणों के बीच से जेई को निकालकर थाने ले गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जेई की तहरीर पर महीपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## नगर पालिका की टीम ने 350 वर्ग मीटर भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**गजरौला, अमृत विचार :** तहसील प्रशासन ने नगर पालिका टीम के साथ शहर के मोहल्ला भानपुर खालसा में नगर पालिका की 350 वर्ग मीटर भूमि पर किए निर्माण को ध्वस्त किया। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

वार्ड सभासद द्वारा भानपुर में नगर पालिका की भूमि पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। बुधवार को तहसील प्रशासन द्वारा नगर पालिका टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान ईओ शालिनी गुप्ता, वेदप्रकाश, अजय गोस्वामी, आदेश कुमार अग्रवाल आदि सहित पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। ईओ शालिनी गुप्ता ने कहा कि अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## 800 मीटर दौड़, लंबी कूद में विधि प्रथम

संवाददाता, मंडी धनौरा


खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट ट्रायल में शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के छात्र।

**अमृत विचार :** मंगलवार को लखनऊ के साई स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट का ट्रायल हुआ। जिसमें क्षेत्र के गांव हलपुरा स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के 12 वर्षीय 10 बच्चों का प्रदेश स्तर पर चयन हुआ है।

प्रतियोगिता में 800 मीटर दौड़ व लंबी कूद में विधि धारीवाल ने प्रथम, 600 मीटर दौड़ में आरव चौधरी ने प्रथम, 100 मीटर दौड़ व क्रिकेट बॉल थ्रो में रुद्र चौधरी ने प्रथम स्थान, 800 मीटर दौड़ व गोला फेंक में मनप्रीत गिल ने द्वितीय स्थान, गोला फेंक व 600 मीटर दौड़ में मीत गिल ने दूसरा स्थान, 800 मीटर दौड़ व ऊंची कूद में अभि देओल ने प्रथम स्थान, 60 मीटर दौड़ में दक्ष सिवाच द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ व ऊंची कूद में नक्श रूहल ने द्वितीय स्थान, गोला फेंक में भव्य रूहल ने तृतीय स्थान व 30 मीटर दौड़ में पार्थ गिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों के नगर पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक कमेटी द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। स्कूल पहुंचने पर बच्चों को माला पहनकर व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक रोहित सांगवान ने विजेता बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट के ट्रायल में स्कूल के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय रोशन किया है। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक रोहित संगवान, कोच हरविंदर चौधरी उर्फ विक्की, निदेशक सचिन कुमार, प्रधानाचार्या शीतांशी चौधरी, सिंपल सिंह, संजीव कुमार, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## जंक फूड से करें परहेज : डॉ. चंद्रा

संवाददाता, हसनपुर


हसनपुर में झम्मनलाल पीजी कालेज के सेमिनार में बोलते वक्ता।

**अमृत विचार :** बुधवार को झम्मनलाल पीजी कालेज में केमिस्ट्री विभाग की ओर से मानव शरीर पर रासायनिक परिवर्तन के प्रभाव विषय पर सेमिनार हुई। जिसके आयोजक डॉ. स्वादेकीन रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. अमजद खान असिस्टेंट प्रोफेसर गवर्नमेंट रजा पीजी कॉलेज रामपुर, डॉ. पीवी तिवारी, डॉ. सुनीता उपाध्याय, डॉ. आलम भी उपस्थित रहे। सेमिनार का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष झम्मनलाल संस्थान के चेयरमैन गोपाल सक्सेना, प्राचार्या डॉ. शमा परवीन, डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ. एम चंद्रा ने कहा कि वर्तमान में लोग व्यस्ततम जिंदगी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाते हैं और अपनी डाइट में जंक फूड प्रयोग में लाते हैं। जिससे हमारे शरीर पर गलत प्रभाव पड़ता है और बहुत सारी बीमारियों के चपेट में आ जाते हैं यदि बीमारियों से बचना है, तो अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। डॉ. पीवी तिवारी ने कहा कि सब्जियों में अधिकतर केमिकल लगे आ रहे हैं। इसकी पहचान है, सब्जी में चमक अधिक होगी। ऐसी सब्जियों को अपने खाने में इस्तेमाल न करें नहीं तो कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती है। डॉ. सुनीता उपाध्याय ने नेचर से संबंधित बहुत सारी चीजों की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. बीरबला ने कहा कि हमारे शरीर में बहुत से पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। समय-समय पर हमें विटामिन प्रोटीन और विटामिन से भरपूर भोजन अपनी डाइट में शामिल करें। जिससे हमारी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके। कॉलेज के चेयरमैन गोपाल सक्सेना ने सभी को शुभकामनाएं दीं। द्वितीय सत्र में होम साइंस विभाग से निगहत परवीन ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वादेकीन और डॉ. गीतांजलि ने किया।

### विश्वबंधु विद्यालय में हुई स्केटिंग प्रतियोगिता

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के हाइवे स्थित विश्वबंधु विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों की स्केटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यालय के छात्रा-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। बुधवार को प्रतियोगिता में भविष्य, अनिका, तन्वी, नित्या, भव, मनमीत, अंकिता, नाविका, तनिका, जारा, आरव, अंश आदि छात्रा-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए सबकी सराहना प्राप्त की। प्रतियोगिता का निर्देशन संतराम और कावेन्द्र सिंह ने किया। प्रधानाचार्य प्रवेंद्र सिंह ने सबका मनोबल बढ़ाया।

### खोया-पाया

मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा 2016 अनुक्रमांक 0639703 का अंकपत्र सह-प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अनुज कुमार पुत्र श्री आनन्दपाल ग्राम केशोनगली, टाण्डा रामपुर।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

